रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 28 सितम्बर 2023

# सुप्रीम कोर्ट में ईडी के खिलाफ दायर याचिका राज्य सरकार ने वापस ली

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पीएमएलए प्रावधानों के खिलाफ दायर याचिका वापस ले ली है। अपनी रिट याचिका में छत्तीसगढ़ सरकार ने तर्क दिया था कि पीएमएलए का इस्तेमाल गैर-भाजपा राज्य सरकार के सामान्य कामकाज को डराने और परेशान करने के लिए किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई के बाद दो आईएएस और कई कारोबारी जेल में बंद है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को छत्तीसगढ़ को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी.एन. की खंडपीठ ने राज्य को अनुमति दी। राज्य की दायर याचिका की वापसी न्यायमूर्ति संजय किशन कौल द्वारा खुली अदालत में सूचित किए जाने के एक दिन बाद हुई है कि सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2022 के फैसले की समीक्षा के लिए एक विशेष तीन-न्यायाधीश पीठ का गठन किया है, जिसने पीएमएलए में पेश किए गए संशोधनों को बरकरार रखा था।

## शहरों पर दबाव कम करने ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ानी होंगी सुविधाएं : मुर्मू

पायनियर संवाददाता ➤ इंदौर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शहरों पर दबाव कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तरह स्वास्थ्य, शिक्षण और बुनियादी सुविधाएं दी जानी चाहिए। इस दौरान मुर्मू ने स्मार्ट सिटी से जुड़े हुए विभिन्न श्रेणियों के 66 पुरस्कार भी प्रदान किए। राष्ट्रपति ने पूरे आयोजन से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इंदौर देश की स्मार्ट सिटी में सबसे ऊपर है। इसके लिए उन्होंने इंदौर के निवासियों और शासन-प्रशासन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि एक आंकलन में बताया गया है कि 2047 तक शहरी आबादी 87 करोड़ हो जाएगी। लगभग 50 प्रतिशत से अधिक लोग शहरों में रहेंगे। ऐसे में हमें भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए एक रोडमैप बनाना होगा। उन्होंने कहा कि विकास से जुड़ा एक अहम मुद्दा जलवायु परिवर्तन का भी है। हमें देखना होगा कि शहरों में जलवायु परिवर्तन पर कैसे काम हो सकता है। शहरों में ज्यादातर ग्रीन बिल्डिंग्स पर जोर दिया जा रहा है, पर अभी और काम करने की जरूरत है।



सही दिशा के लिए 'सस्टेनेबल डवलपमेंट' पर काम करना होगा। मुर्मू ने कहा कि पिछले 10 साल में शहरी विकास में देश का समग्र निवेश पहले की तुलना में 10 गुना हो गया है। इसमें स्मार्ट सिटी मिशन का योगदान अहम है। उन्होंने महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा के मुद्दे की अहमियत बताते हुए कहा कि सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था से कानून व्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। पर इसके लिए और मजबूत कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि स्मार्ट सिटी में हो रहे काम इस दिशा में और मजबूती देंगे। राष्ट्रपति ने लोगों से भी बतौर नागरिक और जिम्मेदार बनने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि शहरों में फैलती बीमारियों जैसे मुद्दों पर भी लोगों के जागरुक होने की जरूरत है।

## डिग्री इंजीनियर कर रहे हैं कुली का काम : राहुल गांधी



एजेंसी ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को रोजगार देने का जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया गया है, इसी का परिणाम है कि डिग्रीधारी इंजीनियर कुली का काम कर रहे हैं। गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, भारत के मेहनती कुली भाइयों से दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर मिला। डिग्री इंजीनियर की, काम कुली का, ऐसी बेरोज़गारी से त्रस्त हैं। रेलवे से न पगार, न पेंशन, न स्वास्थ्य बीमा और न सरकारी सुविधा। मगर इन्हें उम्मीद है, समय बदलेगा और मुझे पूरा विश्वास। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी बेरोजगारी को लेकर 'एक्स' पर कहा कि बेरोजगारी के कारण युवा त्रस्त हैं और वे कुली का काम करने को भी मजबूर हैं। उन्होंने कहा, पिछले महीने आनंद विहार टर्मिनल के कुलियों ने गांधी से मिलने की इच्छा जताई थी। गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा को आगे बढ़ाते हुए उनसे मुलाक़ात की। बातचीत के दौरान कुछ ने बताया कि वे बीमारी के बावजूद काम करने को मजबूर हैं। कुछ इंजीनियरिंग की डिग्री लेकर भी कुली का काम कर रहे हैं। उन्होंने बेरोजगारों के लिए राजस्थान सरकार के काम की तारीफ की और कहा, एक कुली, जिसका परिवार राजस्थान में है, ने बताया कि चिरंजीव योजना के तहत उसकी मां का 60 हजार रुपए का मुफ़्त इलाज़ हुआ है। बातचीत में राजस्थान सरकार की अन्य योजनाओं का भी जिक्र आया। लेकिन मोदी सरकार की ओर से उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल रही है। जो देश का बोझ उठाते हैं उन्हें सरकार और मीडिया दोनों ही नजरअंदाज़ कर रहे हैं।

## बीस साल पहले बोया बीज बन गया है विशाल वाइब्रेंट वट वृक्ष : पीएम मोदी

एजेंसी ➤ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीस साल पहले एक बीज बोया गया था जो वाइब्रेंट वट वृक्ष बन गया है। मोदी ने अपने गुजरात दौरे पर अहमदाबाद के साइंस सिटी में आज आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में यह बात कही कि 20 साल पहले हमने एक छोटा सा बीज बोया था वह इतना विशाल वाइब्रेंट वट वृक्ष बन गया है। वाइब्रेंट गुजरात समिट के बीस साल पूरे होने पर आपके बीच आकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। मुझे याद है बरसों पहले मैंने कहा था कि वाइब्रेंट गुजरात सिर्फ ब्रांडिंग का आयोजन भर नहीं है बल्कि इससे बढ़ कर बॉन्डिंग का आयोजन है। दुनिया के लिए यह सफल एक ब्रांड हो सकती है लेकिन मेरे लिए यह एक मजबूत बोंड का प्रतिक है। यह वो बॉन्ड है जो मेरे और गुजरात के सात करोड़ नागरिकों और उनके सामर्थ्य के साथ जुड़ा हुआ है।



## इराक में विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत

वार्ता ➤ बगदाद
www.dailypioneer.com



इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल-हमदानिया शहर में एक विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक घायल हो गए है। निनेवेह के गवर्नर नज्म अल-जुबौरी ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। आधिकारिक इराकी समाचार एजेंसी (आईएनए) ने इराकी नागरिक सुरक्षा के हवाले से बताया कि प्रांतीय राजधानी मोसुल से 35 किमी दक्षिण-पूर्व में अल-हमदानिया शहर में अल-हेथम विवाह हॉल में मंगलवार रात आग लग गई। आईएनए ने कहा कि शुरुआती रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि जश्न के दौरान आतिशबाजी की गई होगी जिससे आग लग सकती है। इमारत अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों से ढकी हुई थी, जिससे आग तेज हो गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया। आईएनए ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता सैफअल-बद्र ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और स्वास्थ्य मंत्रालय घटना पर करीब से नजर रख रहा है। आईएनए ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने पड़ोसी प्रांतों किरकुक और सलाहुद्दीन में स्वास्थ्य विभागों को पीड़ितों को निकालने में मदद के लिए एम्बुलेंस भेजने के निर्देश जारी किए। स्वास्थ्य मंत्री के मीडिया कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने स्थिति के बारे में जानने के लिए निनेवेह के गवर्नर को फोन किया और आंतरिक और स्वास्थ्य मंत्रियों को प्रभावित लोगों का समर्थन करने का आदेश दिया। संसद अध्यक्ष मोहम्मद अल-हलबौसी ने एक ट्वीट में कहा, 'हम दर्दनाक दुर्घटना के बाद अल-हमदानिया शहर में दुखद घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं, जिसमें कई पीड़ित और घायल हुए हैं।'

### ओलंपिक के विजेता टीमों और खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि को सहेजने-संवारने में मिल रही मदद : मुख्यमंत्री बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल हुए। रायपुर के चार खेल मैदानों में पिछले तीन दिनों से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के राज्य स्तरीय मुकाबले चल रहे थे। इसमें राज्यभर के खिलाड़ियों ने 16 खेलों में अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री बघेल ने समापन समारोह में विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने समारोह में छत्तीसगढ़ की पहली टेनिस अकादमी का लोकार्पण भी किया। रायपुर के लाभांडी में चार एकड़ में करीब 18 करोड़ रुपए की लागत से यह अकादमी बनाई गई है। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन और रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा भी समारोह में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इसके आयोजन से प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि को सहेजने और संवारने में मदद मिल रही है। यहां हरेली में खेलों की बहुत सुंदर परंपरा थी जो विलुप्त होती जा रही थी। अब इसे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से जोड़ दिया गया है। इससे जो उत्साह पनपा है उससे प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि का संवर्धन हो रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इस वर्ष हरेली त्योहार के दिन 17 जुलाई को छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की गई थी। छत्तीसगढ़ के पहले टेनिस अकादमी का किया लोकार्पण मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों को लगातार दूसरे वर्ष छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से खेलबो जीतबो-गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करते हुए हमने राज्य के पारंपरिक खेलों को जीवंत करने का काम किया है। बघेल ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में हमने राज्य में खेल अधोसंरचनाओं और खेल सुविधाओं के विकास के लिए लगातार काम किए हैं। राज्य में छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है ताकि खेलों की समुचित अधोसंरचना खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018-19 में प्रदेश में केवल दो गैर आवासीय खेल अकादमी थे। अब इनकी संख्या आठ हो गई है। साथ ही आठ नई अकादमी प्रस्तावित भी हैं।




# कृषक सह श्रमिक सम्मेलन

28 सितम्बर 2023 | दोपहर 12 बजे | सुमाभाठा, भाटापारा



मुख्य अतिथि

माननीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
नेता प्रतिपक्ष, राज्य सभा

## श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी

की गरिमामयी उपस्थिति में

राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 24.52 लाख किसानों को 1,895 करोड़ रु का अंतरण

33,642 गन्ना किसानों को 57.18 करोड़ रु की प्रोत्साहन राशि का वितरण

गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 5.16 करोड़ रु की राशि का अंतरण

बलौदा बाजार-भाटापारा जिले में 266 करोड़ रु के लागत वाले 264 निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना का शुभारंभ : 10 साल से पंजीकृत 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माण श्रमिकों को जीवन पर्यन्त मिलेगी प्रति माह 1,500 रु की पेंशन

निर्माण/असंगठित एवं मजदूर श्रेणी के 1.3 लाख हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 55.76 करोड़ रु की राशि का वितरण



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी



# भरोसे की सरकार

सेवा-जतन-सरोकार




**कदम-दर-कदम**

- गौरेला, पेण्ड्रा और मरवाही तहसील
- गौरेला और पेण्ड्रा नगर पंचायत
- अम्बागढ़ चौकी, मोहला एवं मानपुर तहसील
- अम्बागढ़ चौकी, मोहला एवं मानपुर विकासखण्ड एवं जनपद पंचायत
- सारंगढ़, बरमकेला एवं बिलाईगढ़ तहसील
- सारंगढ़, बरमकेला व बिलाईगढ़ जनपद पंचायत
- कोसीर तथा भटगांव उप तहसील
- गंडई, छुईखदान और खैरागढ़ तहसील व खैरागढ़ और गंडई-छुईखदान उपखण्ड
- गंडई में वन परिक्षेत्र लघु वनोपज प्रसंस्करण केंद्र की स्थापना
- मनेन्द्रगढ़, केल्हारी, भरतपुर, खड़गवां, चिरमिरी और कोटाडोल तहसील
- नगरपालिक निगम चिरमिरी, नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़, नगर पंचायत झगराखांड़, नगर पंचायत खोंगापानी और नगर पंचायत नई लेदरी नगरीय निकाय
- नए जिलों में 30-30 सरकारी कार्यालयों की स्थापना
- नए जिलों में 63-63 पदों की स्वीकृति
- भू-अभिलेख के लिए 16-16 पदों की मंजूरी
- अमलेश्वर ग्राम पंचायत से नगर पालिका

# नए जिले, जनता को नई ताकत

## 5 वर्ष में 6 जिले, 32 राजस्व अनुविभाग, 100 तहसीलों का गठन




**जनमन रिपोर्ट । रायपुर**

किसी राज्य का भूगोल बदलने के लिए पांच वर्षों का कार्यकाल बहुत अधिक नहीं होता, लेकिन जनता तक सत्ता पहुंचाने के जज्बे से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को मात्र 5 वर्षों में 27 से बढ़ाकर 33 जिलों का राज्य बना दिया। क्षेत्रफल में अधिक जिलों का पुनर्गठन कर ऐसे स्थानों पर जिला मुख्यालय बनाए गए जहां से एक दिन में ही अपना काम करके लौटना संभव हो। इससे जिला प्रशासन को अधिक प्रभावशाली ढंग से जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों तथा लोक अभियानों का संचालन करना संभव हुआ। स्वास्थ्य, सुपोषण, शिक्षा, रोजगार तथा गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मानकों पर छत्तीसगढ़ का ग्राफ लगातार ऊपर आना मुख्यमंत्री श्री बघेल की सोच की सफलता का परिचायक है।

छत्तीसगढ़ की संरचना में गांवों की अधिकता है। प्रदेश की समाज व्यवस्था तथा अर्थव्यवस्था में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बड़ी भूमिका होती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों के अनुरूप गांवों की आत्मनिर्भरता किसी प्रदेश व देश की आत्मनिर्भरता का मूल मंत्र है। इस मंत्र को आत्मसात करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्राम केंद्रित अर्थव्यवस्था की रणनीति बनाई तथा जिला, अनुविभाग, तहसील जैसी प्रशासनिक इकाइयों को बतौर सहयोगी तैयार किया। अब प्रदेश की अर्थव्यवस्था में गांवों का प्रभाव और राजनीति तथा समाज व्यवस्था में ग्रामीणों की भूमिका स्पष्ट देखी जा सकती है।



> पांच वर्षों में शासन-प्रशासन को आम जनता के करीब लाने, प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता और कसावट लाने के उद्देश्य से राज्य में नए जिले, अनुविभागों एवं तहसीलों को बनाए जाने की घोषणा की। वर्ष 2018 में राज्य में जिलों की संख्या 27 थी। राज्य में 6 नए जिले का गठन होने के बाद संख्या बढ़कर 33 हो गई है। नवीन अनुविभागों एवं तहसीलों की स्थापना से शासकीय योजनाओं का सुचारु रूप से क्रियान्वयन एवं आम जनता तक मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सुगम होगी। गरीब, किसान, अंदरुनी क्षेत्र में रहने वालों को छोटा जिला बनने से काफी लाभ मिलेगा। यह सत्ता का ऐसा विकेंद्रीकरण है जो राज्य के विकास को रफ्तार देगा।
>
> **-भूपेश बघेल,**
> मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

| गौरेला पेण्ड्रा मरवाही | मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी | सारंगढ़ बिलाईगढ़ | खैरागढ़ छुईखदान गण्डई | मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर | सक्ती |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 फरवरी 2020 | 2 सितम्बर 2022 | 3 सितम्बर 2022 | 3 सितम्बर 2022 | 9 सितम्बर 2022 | 9 सितम्बर 2022 |
| 1,68,225 हेक्टेयर क्षेत्रफल | 2,14,667 हेक्टेयर क्षेत्रफल | 1,65,014 राजस्व क्षेत्रफल | 1,55,197 हेक्टेयर क्षेत्रफल | 1,46,824 हेक्टेयर क्षेत्रफल | 1,51,976 हेक्टेयर क्षेत्रफल |
|  |  |  |  |  |  |
| 3,36,420 जनसंख्या | 2,83,947 जनसंख्या | 6,07,434 जनसंख्या | 3,68,444 जनसंख्या | 3,81,287 जनसंख्या | 6,53,036 जनसंख्या |
| 225 कुल ग्राम | 498 कुल ग्राम | 756 कुल ग्राम | 494 कुल ग्राम | 372 कुल ग्राम | 477 कुल ग्राम |

# भूपेश बघेल की प्रतिबद्धता: ये वरदान है, कामकाज आसान हुआ, आय बढ़ी

**जनमन रिपोर्ट। रायपुर**

जब कोई आम नागरिक कहे- जिला बनना वरदान है, तब सरकार के काम की दिशा पर मुहर लगती है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा किया है।

खैरागढ़ जैसा नव गठित जिला, जिसकी सीमाएं मध्यप्रदेश के बालाघाट को छूती हैं, इस बात का गवाह बन गया है कि सीमावर्ती इलाकों के नागरिकों को अब हर छोटी जरूरत के लिए करीब 70 किलोमीटर दूर राजनांदगांव तक नहीं जाना पड़ता। सभी नए जिले ऐसी कहानियों से भरे हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती की नई तकनीक, प्रशासनिक काम से लेकर रोजगार तक के मोर्चे पर बेहतरी के गवाह हैं ये छह नए जिले।

**पढ़िए नागरिकों की ही प्रतिक्रियाएं** ▶▶



### स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास



*हमारे गांव को जिले में तब्दील करना वरदान साबित हुआ। स्वास्थ्यगत समस्याओं से जूझ रहे अंचलवासियों को कोसों दूर इलाज के लिए राजधानी रायपुर तक जाना पड़ता था, लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होने से समस्याएं दूर हुई। जिला स्तर के हर विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध है।*

**-डॉ. नितेश सोनकर,** जिला-मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

### नजदीक आया प्रशासन



*गौरेला पेंड्रा मरवाही अनुसूचित क्षेत्र होने के साथ यहां के लोग विकास की मुख्यधारा से दूर थे, इसके पूर्व यह क्षेत्र जिला मुख्यालय से लगभग 200 किलोमीटर दूर स्थित था, जिला बनने के बाद शासन प्रशासन क्षेत्र के लोगों के नजदीक आया और आज विकास की मुख्य धारा से जुड़ चुका है।*

**-मोनिका जयसवाल,** जिला-गौरेला पेण्ड्रा मरवाही

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हो रहा विकास



*सक्ती को जिला बनाने की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने क्षेत्र की जनभावनाओं का ख्याल रखते हुए सक्ती को जिला बनाया है, इससे अब चारो ओर विकास होता दिख रहा है स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है कई विशेषज्ञ नियुक्त किए गए हैं जो सरकारी अस्पतालों में सेवाए दे रहे हैं, सक्ती में कलेक्टर, एसपी के बैठने से अब लोगो को अपनी समस्याएं लेकर 50 किमी दूर जांजगीर नही जाना पड़ रहा है। सक्ती को जिला बनाने के लोग सदेव प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार की आभारी रहेंगी।*

**-सुधा गोयल,** जिला- सक्ती

### विकास की भागीदारी होगी सुनिश्चित



*सारंगढ़ को जिला बनाना गौरव की बात है। इससे विकास की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री ने सारंगढ़ को जिले का नया स्वरूप देकर लोगों के सभी कामकाज को आसान किया है। बुनियादी सुविधाओं की कमी अब महसूस नहीं होती। जिले में कई अधोसंरचनाएं विकसित हो रही है।*

**-अमित यादव,** जिला-सारंगढ़ बिलाईगढ़

### सहूलियतें हुई आसान



*जिला बनाने की मांग दशकों से थी। जिसे भूपेश बघेल सरकार ने पूरा किया, अब जिला निर्माण के बाद प्रशासन आम इंसान के नजदीक पहुंच रहा है और शासन की योजनाओं के साथ ही प्रशासन की निकटता खैरागढ़ वासियों को सहूलियत दे रही है।*

**-कामिनी वर्मा,**
जिला -खैरागढ़ छुईखदान गण्डई

### नागरिकों को सुविधाएं सुलभ होने लगी



*नागरिकों तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रशासन व शासन की पहुंच आसान बनाने के लिए नया जिला बनाया जाना स्वागत योग्य है। मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर जिले के निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ में अब 33 जिले हो गए हैं। यह बहुत ही खुशी की बात है।*

**-रविकांत सिंह राजपूत,** जिला-मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर

IF Samvad- 38713/1

4 **बस्तर संभाग** गरीब के हक का पैसा कांग्रेस विधायको के घर से निकल...

6 **अभिमत** अतिवादियों पर लगाम लगाए कनाडा

07 **दुर्ग संभाग** छत्तीसगढ़ के विकास में झिरिया यादव समाज का है महत्वपूर्ण...

09 **विविध** राष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में इंदौर में आयोजित हुआ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 28 सितम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-37 मूल्य 3.00 ₹

**क्विक न्यूज़**

## कृषक सह श्रमिक सम्मेलन का आयोजन आज



**भाटापारा।** नगर के नजदीक ग्राम पंचायत सुमा भाठा में कृषक सह श्रमिक सम्मेलन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। सभा में मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भारत शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री कुमारी शैलेजा, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास मंहत, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित अन्य लोग शामिल होंगे।

## राज्यसभा का सत्रावसान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया है। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने 261 वें सत्र (विशेष सत्र) के समापन पर सदन की कार्यवाही 21 सितम्बर को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी थी। यह सत्र 18 से 22 सितम्बर तक आहूत किया गया था लेकिन यह एक दिन पहले ही 21 सितम्बर को संपन्न हो गया। इस दौरान संसद ने बहुप्रतिक्षीत महिला आरक्षण विधेयक को पारित किया।

# स्टालिन सरकार और राज्यपाल के बीच विवाद

वार्ता ◀ चेन्नई
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक और राज्यपाल व विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति आर.एन.रवि के बीच एक और विवाद उत्पन्न हो गया क्योंकि विधानसभा के जरिये एक विधेयक पारित कर राज्यपाल की कुलाधिपति की शक्तियां छीन ली गई तथा विश्वविद्यालयों के लिए कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार मुख्यमंत्री को दे दिया गया। बिना पोर्टफोलियो के मंत्री बने रहने और राज्यपाल द्वारा राज्य में भारतीय जनता पार्टी-आरएसएस विचारधारा के कथित प्रसार सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर वाकयुद्ध पहले से जारी है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और राज्यपाल के बीच विवाद की खाई चौड़ी होती जा रही है। इस बार विवाद मद्रास विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति के लिए खोज समिति के गठन को लेकर पैदा हुआ है। इस विवाद के फिलहाल खत्म होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

## मांडविया ने डेंगू स्थिति की समीक्षा की

एजेंसी ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




केंद्रीय स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने देश में डेंगू के बढ़ते मामले को देखते हुए मौजूदा स्थिति और इससे निपटने की तैयारियों की बुधवार को समीक्षा की और राज्य सरकारों से संबंधित दिशानिर्देशों का पालन करने को कहा। मांडविया ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में डेंगू से बचाव के लिए संबंधित दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया। बैठक में केंद्रीय मंत्री को डेंगू की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया गया। देश में डेंगू के मामलों की बढ़ती संख्या से उत्पन्न चुनौती को पर डॉ. मांडविया ने डेंगू के खिलाफ तैयार रहने के महत्व पर ध्यान दिया। उन्होंने अधिकारियों को पूरी तरह से तैयार रहने और डेंगू की रोकथाम, रोकथाम और प्रबंधन उपायों को मजबूत करने का निर्देश दिया। मांडविया ने कहा कि केंद्र सरकार ने स्क्रीनिंग किट के लिए राज्यों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की है और फॉगिंग और आईईसी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। स्वास्थ्य कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने राज्यों से डेंगू की रोकथाम और रोकथाम के लिए केंद्र के दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना में 1.40 लाख से अधिक आवेदन

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने कहा कि दस दिनों के भीतर, पीएम विश्वकर्मा योजना को 1.40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। राणे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पीएम विश्वकर्मा योजना की सफलता की जानकारी देते हुए लिखा कि पीएम विश्वकर्मा योजना प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी दूरदर्शी दृष्टि का परिणाम है। योजना के शुभारंभ के दस दिनों के भीतर 1.40 लाख से अधिक आवेदनों का आना योजना की सफलता और महत्व का प्रमाण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना, हमारे सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित विश्वकर्मा भाइयों और बहनों के व्यापक विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी और यह उनकी खोई हुई पहचान को बहाल करेगी। इस योजना के माध्यम से विश्वकर्मा भाइयों और बहनों को प्रशिक्षण, टूल किट और ऋण प्रदान किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों का सफलतापूर्वक सत्यापन कर सभी योजना का लाभ विश्वकर्मा भाई-बहनों को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाना और उनके उत्पादों को घरेलू और वैश्विक बाजारों तक पहुंचाना है। योजना के तहत 18 प्रकार के कारीगरों और शिल्पकारों को लाभ मिलेगा। लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और उन्हें प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपये की दैनिक वृत्ति मिलेगा। इसके अलावा टूल किट खरीदने के लिए 15,000 रुपये की सहायता दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने शहीद भगत सिंह की जयंती पर उन्हें किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर पर उन्हें नमन किया है। बघेल ने अपने संदेश में कहा है कि शहीद भगत सिंह ने छोटी सी उम्र में ही देशप्रेम, साहस और बलिदान से भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के स्वर्णिम इतिहास में अपनी अमिट छाप अंकित कर दी। उनका शौर्य आज भी युवाओं को प्रेरित करता है। मुझे पूरा विश्वास है कि उनसे प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी देश के लिए पूरी जिम्मेदारी से काम करेगी।

## खेल, खिलाड़ियों को अनुशासन और संघर्ष की क्षमता प्रदान करता है : नीता नायक

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com







श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की राज्य स्तरीय अन्तर महाविद्यालयीन टेबल टेनिस स्पर्धा में जे.एन.एम. मेडिकल कॉलेज रायपुर ने एवं बालिकाओं के वर्ग में जी.एम.सी.राजनांदगांव ने खिताब पर कब्जा किया। बुधवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में बालकों के वर्ग में जे.एन.एम. मेडिकल कॉलेज रायपुर ने बालाजी मेडिकल कालेज को 3-2 से हराया। जे.एन.एम. के मनीष साहू ने अपने दो मुकाबले जीते। श्री बालाजी के गौतम यदू ने अपना एक मैच जीता। बलिकाओं के वर्ग में जी.एम.सी. राजनांदगांव ने जे.एन.एम. की बालिकाओं को 3-2 से परास्त कर ट्राफी पर कब्जा किया। फाइनल मुकाबले के बाद पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एस.बी.आई.एम.एस. की एम.डी. नीता नायक थीं। वहीं अध्यक्षता डायरेक्टर नितिन पटेल ने की। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ.मानिक चटर्जी और खिलाड़ियों की ओर से गौदम यदू ने किया। विश्वविद्यालय की चयन समिति मे डॉ. चटर्जी, अरविंद शर्मा एवं परीविक्षक डॉ. चानन गोयल थीं। इस वर्ष विश्वविद्यालय की टीम अन्तर विश्वविद्यालयीन स्पर्धा में भाग लेगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि नीता नायक ने सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों को स्पर्धा में भाग लेने के लिये बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जीत-हार चलते रहता है। खेल, खिलाड़ियों को अनुशासन संघर्ष करने की क्षमता प्रदान करता है। हारने वाले आगे और मेहनत करे तो उन्हें जीतने से कोई रोक नहीं सकता। यही श्रेष्ठ खिलाड़ी भावना है। नीता नायक ने बाहर से आये खिलाड़ियों के साथ-साथ मैनेजर कोच सभी को बधाई दी। स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरूस्कार प्रेरणा वाडकर, भारती आयुर्वेदिक कालेज दुर्ग की छात्रा को दिया गया। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक ऋषद आचार्य एवं निर्णायक आयुषी भाटी, विकास भारतद्वाज एवं आदित्य पारेक थे।



# गरीब के हक का पैसा कांग्रेस विधायको के घर से निकल रहा हैः साव

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा हजारों लोगो की अगुवाई में भाटापारा पहुंची



पायनियर संवाददाता ⟨ भाटापारा
www.dailypioneer.com

आमसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा भूपेश बघेल की सरकार ने ऐसा भ्रष्टाचार किया, ऐसा सिस्टम बनाया की जनता के हक का पैसा कांग्रेस विधायको के घर से निकल रहा है। सत्ता के नशे में कांग्रेस मगरुर हो गई है और जनता के हितों को कुचल रही है जनता का पैसा दिल्ली गांधी परिवार के पास भेज रही है ऐसे में जनता ऐसी भ्रष्टाचारी सरकार को नही चाहती वैसे भी कांग्रेस का सिस्टम है 100 में से 15 रु ही जनता के पास जाता है बाकी कांग्रेस के द्वारा भ्रष्टाचार कर लिया जाता है। अरुण साव ने कहा छत्तीसगढ़ में चारो और अशांति है असुरक्षा का माहोल है बच्चियों के साथ लगातार अनाचार की घटनाएं हो रही है दहाड़े लूट डैकती और बर्बरता से हत्याएं हो रही है और कांग्रेस सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है।ये सरकार माफ़ियाओं की सरकार बन के रह गई है।छत्तीसगढ़ में विकास के सारे काम रुके हुए है। ऐसे में छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए परिवर्तन जरूरी है।

### सतनामी समाज को भौंकने वाला बोला है ऐसे लोगो को सबक सिखाने की जरूरत : गुरु बालदास

सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास ने कहा कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार में डूब चुकी है सब पर अत्याचार हो रहा है सबसे ज्यादा अपराध महिलाओं के साथ हो रहे है ये समझ में नहीं आ रहा है प्रदेश कोई कानून व्यवस्था है की नही सरकार है की नही।हमे डबल इंजन की सरकार बनानी है और दोगुना विकास करना है डबल इंजन की सरकार हर प्रकार से सुरक्षा की गारंटी देगी। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार सभी को आपस में लड़वाने का काम करवा रही है अनुसूचित जाति के साथ भी अन्याय किया ।कांग्रेस ने हमारा आरक्षण छीना,सतनामी समाज को भौंकने वाला बोला है ऐसे लोगो को सबक सिखाने की जरूरत है।

### भाजपा की सरकार बनने पर भाटापारा को जिला बनाया जाएगा : शिवरतन शर्मा

भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा के विकास को कांग्रेस हमेशा बाधित करती है मुख्यमंत्री और टी एस सिहदेव ने घोषणा की थी भाटापारा को जिला बनाया जाएगा लेकिन 5 साल बाद भी नही बनाया भाजपा की सरकार आयेगी तो भाटापारा के विकास के लिए इसे जिला बनाया जाएगा।भाटापारा में मूलभूत सुविधाएं बढ़े भाटापारा में रोजगार के साधन बढ़े इसके लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। आम सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, गुरु बाल दास वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल सांसद सुनील सोनी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल,यात्रा प्रभारी भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा,सह प्रभारी महेश गागड़ा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, निरंजन सिन्हा बलौदा बाजार जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े, अमित चिमनानी अनिल पांडे ओंकार बैस,अमरजीत छाबड़ा सहित वरिष्ठ जन माजूद रहे।

# पीएससी घोटाला पर भाजयुमो ने कहा अंधेर नगरी चौपट राजा, शव यात्रा निकाली और पुतला फूंका

## महावीर चौक से मानव मंदिर चौक तक किया प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग की



पायनियर संवाददाता ⟨ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ (पीएससी) की भर्तियों में भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला भाजयुमो ने आज आक्रामक प्रदर्शन किया। जिला और मंडल पदाधिकारियों ने महावीर चौक से मानव मंदिर चौक तक विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रतिकात्मक शव यात्रा निकाली। अंत में पुलिस से झड़प के बीच भाजयुमो नेताओं ने पुतला दहन भी किया। प्रदर्शन के दौरान तख्तियों में सरकार के खिलाफ नारे लिखे हुए थे जिन्हें लेकर जमकर नारेबाजी हुई। प्रदेश में लोक सेवा आयोग की भर्तियों में सत्तापक्ष के नेताओं, अधिकारियों के बेटे-बेटी, रिश्तेदारों को अनुचित तरीके से उत्तीर्ण कर उन्हें डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, जेल अधीक्षक, आबकारी अधिकारी जैसे कई पदों से नवाजा गया है। ऐसे अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिका के सार्वजनिक होने के बाद इसमें गड़बड़ियां साफ नज़र आ रही हैं। इस मामले को लेकर भाजपा ने प्रदर्श में मोर्चा खोला हुआ है। भाजयुमो ने इन गड़बड़ियों को सामने रखते हुए भूपेश सरकार को युवाओं को हक छिनने वाली सरकार करार दिया है। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर ने प्रदर्शन के बाद कहा कि, प्रदेश में हालात अंधेर नगरी चौपट राजा जैसे हैं। आयोग के पूर्व चेयरमेन टामन सोनवानी के परिवार के पांच सदस्यों को अधिकारियों की श्रेणी में स्थान दिया गया है। उनका चयन किसी संयोगवश नहीं हुआ है। यह भी प्रमाणित हो चुका है। हाईकोर्ट ने भी इस मामले में तल्ख टिप्पणी की है। न्यायाधीशों के लिए भी पीएससी के नतीजे आश्चर्यजनक हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में सरकार और उनके नुमाईंदों के खिलाफ जमकर आक्रोश है। इस सरकार ने पहले तो युवाओं से बेरोजगारी भत्ता के लिए झूठ बोला और अब लगातार दो सालों के पीएससी नतीजों में भ्रष्टाचार के तथ्य सामने हैं। इस मामले में सरकार अपने ही प्रपंच के जांच का दावा कर रही है। लेकिन यह स्वीकार नहीं है। एक अपराधी को ही उसके अपराध की जांच आखिर कैसे सौंपी जा सकती है। हमारी मांग है कि इन मामलों की जांच सीबीआई से करवाई जाए। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश मंत्री आलोक श्रोती, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, महामंत्री गोलू सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष,नोमेश वर्मा,देवा झा,उज्जवल कसेर,शिवम यादव, संयम शर्मा,साहिल गोलछा,आशुतोष सिंह, कमलेश प्रजापति,अंकित ग्रेवाल, मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, सज्जन ठाकुर,पैमन अग्रवाल, साकेत वैश्नव, चेतन यादव, सूरज नायक, कमलेश लहरे, आशीष जैन, राघव ठक्कर,, नितेश नायक,हिमांशु सोनवानी,अभिषेक पांडेय, सुवितेश श्रीवास्तव, अमितेश झा,आशु कसार, कृष्ना निषाद,रवि बंजारे,जैकी सोनकर,विकास साहू, संयम जैन,प्रज्वल गुप्ता, रोहित सिन्हा, आशीष सिन्हा, सूरज सिंह राजपूत, सागर सोनी, हरीश सोनवानी, निषाद खान, अभिषेक झा, तरूण सेठिया, नीलेश पंसारी, सौरभ सिंह राजपूत, प्रथम जैन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 1008 पोथी भागवत कथा की तैयारियां जोरों पर

## महिलाओं ने बनाई भव्य कलश यात्रा की रूपरेखा



पायनियर संवाददाता ⟨ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

1 अक्टूबर से तिल्दा-नेवरा में होने वाले 1008 श्रीमद भागवत पोथी पुराण के तैयारियां जोरों पर है। भव्य रूप से कलश यात्रा निकालने के लिए महिला शक्ति बड़े उत्साह भाव के साथ सोमवार को भागवत कार्यालय में जुटी थी । महत्वपूर्ण बैठक कर योजना रूपरेखा तैयार की गई। इसमें कलश यात्रा भव्य रूप से निकालने की योजना बनाई गई। इस भव्य आयोजन में बाहर के प्रसिद्ध कलाकर कलश यात्रा में शामिल होकर कलश यात्रा को भक्तिमय बनाएंगे। महिला शक्ति ने योजना बनाई गई कि कलश यात्रा में मुख्य रूप में बड़ी संख्या में महिला शक्ति कलश लेकर यात्रा को वृहद और भव्य बनाएंगी। कलश यात्रा 30 सितंबर को नेवरा अग्रवाल समाज के पंचायती मंदिर से शाम 4 बजे निकाली जाएगी,जिसका गांधी चौक होते हुए अमित चावल उद्योग भागवत परिसर में समापन होगा। इस कलश यात्रा में आकर्षक झांकियां,लाइट

# सर्व उत्कल ब्राह्मण समाज का नुआखाई मिलन समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता ⟨ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सर्व ब्राह्मण समाज का नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन टाउन हाल झिलमिला में भगवान परशुराम के पूजन अर्चन से प्रारंभ हुआ ,जिसमें विकासखंड के समस्त उत्कल ब्राह्मण समाज के अधिसंख्य सदस्य गण सपरिवार उपस्थित थे, अध्यक्ष प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में के समाज के 16 प्रतिभाशाली बच्चों आयुषी पंडा,राहुल कर, स्नेहा पाणीग्राही,आयुष पंडा,सेजल पुरोहित,अर्चना मिश्रा,सिमरन कर,आदित्य कर,नीरज साहू,आयुष मिश्रा,सलोनी साहू,आरती साहू,आयुषी मिश्रा,आशुतोष मिश्रा, श्वेता पाणीग्राही,खुशी पाढ़ी का सम्मान किया गया, वहीं विशेष रूप से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में पहली बार समाज से लेखा अधिकारी पद पर चयनित निखिलेश मिश्रा एवं फॉरेस्ट रेंजर पद पर चयनित डॉक्टर एकता कर का समाज के द्वारा शाल स्मृति चिन्ह ,मेडल पुष्प वर्षा से सम्मान किया गया, कार्यक्रम में महिलाओं की मेहंदी, तात्कालिक भाषण,बालिकाओं के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम , गीत प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए जिसमें खुशबू रथ का तांडव नृत्य,सेजल पुरोहित का ओडिसी नृत्य,आयुषी मिश्रा का राधा नाचिब, आर्या महापात्र का ओड़िया नृत्य, आर्या होता का झूली झूली ,अर्चिता मिश्रा,अक्षता मिश्रा,अलका कर,अर्पिता कर,सुमन पंडा का शानदार गीत, नयन पंडा का ओजस्वी भाषण सहित ब्राह्मण बालक बालिकाओं के कार्यक्रमों,ने खूब तालियां बटोरी,रंगोली,प्रसाद,फूल,मंच सज्जा,सारी व्यवस्थाओं में सामाजिक जनों का उत्साह नजर आया, साथ ही कार्यक्रम में नुआखाई पर मुख्य अतिथि प्रदेश उत्कल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा जी द्वारा उपस्थित विप्र बंधुओं को नुआ प्रसाद वितरण किया गया,,उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक नुआखाई एक सामाजिक क्रांति है जिसके आने वाले समय में परिणाम दिखेंगे,,उन्होंने विप्र बंधुओं से एकजुता बनाए रखने की अपील की,श्री मिश्रा ने समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को समाज के लिए गौरव बताया।



# शराब परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ⟨ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



लगातार अवैध शराब, जुआ, सट्टा के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिए है जिस पर अमल करते हुए चौकी प्रभारी सउनि मालिक राम भारद्वाज के नेतृत्व में दिनांक 26.09.2023 को पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा आरोपी पुरूषोत्तम कौशल पिता चंदराम कौशल उम्र 38 साल साकिन पासीद चौकी करहीबाजार के कब्जे से 45 पाव देशी मसाला शराब कुल 8.100 बल्क लीटर कीमती 4950 रूपयें एवं मोटर सायकल सीजी. 22 वाई 1954 कमती 60,000रू. कुल जुमला 64950/रू. को मौके पर गवाहों के समक्ष वजह सबुत में जप्त किया गया जप्त शराब का गिनती एवं बरामदगी पंचानामा तैयार कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। जहॉ से उपजेल बलौदाबाजार में निरूद्ध किया गया हैं । इस कार्यवाही में प्र.आर. संतोष , अब्बास, आरक्षक प्रकाश सिंह, योगेन्द्र साहू, मोहित जगत का विशेष योगदान रहा।

# 90 साल पुरानी परंपरा के लिए लगभग दो करोड़ की 40 चलित झांकिया तैयार, आज पूरी रात रौशनी से सराबोर रहेगा शहर

## डेढ़ से दो लाख की भीड़ जुटेगी, डीजे और धुमाल की धुन के साथ विशेष साज सज्जा देखने को मिलेगी





पायनियर संवाददाता ⟨ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

श्रीगणेश की विशेष उपासना का पर्व आज विसर्जित होगा। देर शाम संस्कारधानी में दशकों की परंपरा अनुसार झांकिया निकलेगी। कुल 40 झांकिया तैयार की गई हैं। इन सभी को मिलाकर लागत तकरीबन डेढ़ से दो करोड़ रुपए हो जाती है। यह खर्च महज झांकियों का है। पंडाल, डीजे, धुमाल और दूसरे खर्चों को मिलाकर शहर में यह पर्व तीन से सवा तीन करोड़ रुपए के खर्च का आंकड़ा छू जाता है। विसर्जन झांकिया निकलने का सिलसिला शाम तकरीबन 6 बजे से शुरु होगा। इस बीच शहर में डेढ़ से दो लाख की भीड़ इसमें शामिल होगी। शहर के अंदरुनी रास्तों से होते हुए झांकिया शहर भ्रमण करेगी। प्रशासन और पुलिस ने इसके लिए समुचित व्यवस्था का जिम्मा संभाला हुआ है। गणेशोत्सव समितियों की तैयारियां अंतिम चरणों पर है। एक-दो दिनों से झांकियों की टेस्टिंग की जा रही है। बड़ी और आकर्षक मूर्तियों की मूवमेंट आकर्षण का केंद्र होती हैं। तकनीकी पहलुओं को जांचने का काम तेजी से चल रहा है। शहर में आज पूरी रात भव्य उत्सव मनाया जाएगा। झांकियों के साथ गणपति विदा लेंगे। उनके विसर्जन का क्रम शुरु हो जाएगा जो आने वाले दो-तीन दिनों तक चलेगा। समितियों ने झांकियों के साथ ही डीजे और धुमाल में बड़ा खर्च किया है। बाहर से भी डीजे बुलवाए गए हैं जिनका किराया लाखों रुपए है। इसके साथ ही भव्य साज सज्जा के लिए भी व्यापक तैयारियां की गई है। समितियों ने अलग-अलग विषयों पर झांकी तैयार की है। इसमें देश भक्तिसहित परंपरा, संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी।

गणेशोत्सव समितियां हर साल नई तरह की झांकियां निकालने का प्रयास करती हैं। इस बार निकलने वाली लगभग 40 झांकियों में कई अद्भूत दर्शन और लीलाओं को दशार्ने का प्रयास समितियां कर रही है। अवतारों की लीलाएं, युद्ध के साथ ही महादेव के तांडव की झलक भी इनमें देखने मिलेगी।

**सुमति मंडल** – शताब्दी पूरी कर समिति ने इस वर्ष 101 वें वर्ष की झांकी में भगवान शिव के वृषभ अवतार की घटना पर झांकी तैयार की है। पहली जीप में विशालकाय राक्षस एवं भगवान वृषभ को दशार्या गया है। दूसरी जीप में विशाल स्वरूप में महादेव नंदी के ऊपर विराजमान है। पूरी झांकी में 16 मूवमेंट होंगे।

**मित्र मंडल** – समिति का यह दूसरा साल है। समिति महाभारत युद्ध के विषय पर आधारित है। झांकी की लंबाई 70 फीट है जिसमें 20 मूर्तियां है इसके साथ ही 14 फीट का आर्च है। झांकी की लागत तकरीबन 3 लाख है।

**पुराना बस स्टैंड गणेशोत्सव समिति** – महाकाल की भस्म आरती की जीवंत झांकियां तैयार की गई है। इसमें 20 से 22 मूर्तियां हैं जिनमें से लगभग सभी में मूवमेंट होगी। तकरीबन 4 लाख की लागत से इसे तैयार किया गया है।

**नवरत्न मंडल गणेशोत्सव समिति** – भगवान श्रीकृष्ण के गोकुल में जन्मोत्सव को दशाती झांकी कलाकारों ने तैयार की है। यह झांकी तीन जीप में तैयार हुई है जिसमें 24 से 26 मूर्तियां हैं इनमें से अधिकतर में मूवमेंट होगी। सामने एक टोली भी होगी जिसमें महिलाएं भी शामिल होंगी। इस झांकी की लागत तकरीबन 3 लाख है।

**अष्ट विनायक मंडल** – इस समिति ने गंगा अवतरण के थीम पर झांकिया तैयार की है। इसके अलावा शिव तांडव की झलक भी देखने को मिलेगी। समिति का यह 14 वां वर्ष है। इस झांकी में 20 मूर्तियां शामिल हैं और इन सभी में मूवमेंट होगी। इसकी लागत तकरीबन 2 लाख 75 हजार है।

**नवीन आदर्श गणेशोत्सव समिति** – झांकी में महाकाल कॉरिडोर के भी दर्शन होंगे। इस समिति ने इसी थीम पर झांकी तैयार की है। इसके अलावा इसमें कैलाश उठाते दशाननऔर भगवान शंकर की लीला के भी दर्शन होंगे। इसमें 20 से 23 मूर्तियां शामिल हैं। झांकी की लागत 3 लाख 50 हजार के तकरीबन है। यह समिति का 28 वां वर्ष है।


**बाल समाज मित्र मंडल** – बालि -सुग्रीव के युद्ध और राजतिलक के विषय पर आधारित इस झांकी में 13 मूर्तियां शामिल हैं। दो जीप में इसे तैयार किया गया है। झांकी की लागत 2 लाख के तकरीबन है। पिछले 20 वर्षों से यह समिति झांकी निकाल रही है।

28 Sep. 2023 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# 98 लाख से निखरेगा ब्रह्मनीन तालाब का सौंदर्य,महापौर निर्मल कोसरे ने भिलाई-3 को दी लाखों की सौगात

**विभिन्न वार्डों में भूमिपूजन कर विकास कार्यों का किया शुभारंभ**

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

भिलाई-चरोदा नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 9 के ब्रह्मनीन तालाब का बेहतर तरीके से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। यह कार्य 98 लाख रुपए से होगा। महापौर निर्मल कोसरे ने बुधवार को इसके लिए भूमिपूजन किया। महापौर ने भिलाई-3 के विभिन्न वार्डों को भी सौगात दी है। उन्होंने भूमिपूजन कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। महापौर निर्मल कोसरे ने लगातार तीसरे दिन भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र को सौगातों से नवाजा है। बुधवार को उन्होंने भिलाई-3 के विभिन्न वार्डों में भूमिपूजन कर विकास कार्यों को गति प्रदान किया। इसमें वार्ड क्रमांक 9 शीतला पारा में स्थित ब्रह्मनीन तालाब का 98 लाख रुपए की लागत से होने वाला सौंदर्यीकरण कार्य अहम है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 7 के बंधवा तालाब में 26.78 लाख रुपए से सीसी रोड निर्माण, वार्ड 8 में 15.96 लाख से सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 13 गांधी नगर के रेलवे कॉलोनी में स्टेशन के पास पान ठेला से पुराने इंडियन ऑयल डिपो की दिशा





में हनुमान मंदिर तक 8.05 लाख रुपए से आरसीसी नाली एवं पाथवे निर्माण, ट्रेक्शन कॉलोनी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने पुलिया तक 7.94 लाख से मुख्य नाला निर्माण, वार्ड क्रमांक 14 नेहरू नगर में गैलक्सी चौक के पास सामुदायिक भवन में 11.62 लाख से डोम शेड निर्माण, नेहरू नगर में ही महिला सदन के पास 4.35 लाख से डोम शेड निर्माण, वार्ड क्रमांक 15 बजरंग पारा में शिव धाम के पास 15.93 लाख से आरसीसी सड़क निर्माण, वसुंधरा नगर में विकास घर से ज्योति घर तक ,नीरा घर से प्रसाद घर तक 9.48 लाख से सीसी रोड निर्माण, मानसरोवर कॉलोनी में रूपकुमारी घर से वर्मा घर तक, पांडेय घर से रजा घर तक 6.28 लाख से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसी तरह पदुम नगर में लगभग 60 लाख रुपए के विकास कार्यों को गति प्रदान की गई है। महापौर निर्मल कोसरे ने पदुम नगर में शिव मंदिर खब्बू पांडा घर तक गलियों में 10.98 लाख से आरसीसी नाली निर्माण, शिव मंदिर से मिलाप घर, विष्णु प्रसाद घर तक 15.01 लाख से बीटी रोड रिनिवल, रंगा राव घर से नरसिम्हा घर तक वहां से अमर घर तक 8.31लाख से बीटी रोड रिनिवल कार्य, ओपी वर्मा से घर क्रमांक 128 तक, अम्मा निवास से आनंद दिवाकर घर तक एवं एमबी 04 से घर क्रमांक 267 तक 19.97 लाख से बीटी रोड निर्माण, शिव मंदिर से एयरटेल टावर के किनारे पुलिया तक 5.12 लाख से सीसी रोड निर्माण हेतु भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मोहन साहू, एस वेंकट रमना, देवकुमारी भलावी, पार्षदगण टेनेन्द्र ठाकरे, संतोष तिवारी, हेमंत वर्मा, शारदा लावेश मदनकर, डे साहब वर्मा, अभिषेक वर्मा, मनीष वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुमुद मढ़रिया, महामंत्री पप्पू चंद्राकर, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष असफाक अहमद, डॉली वर्मा, रीना वर्मा, कुमारी ढीमर, इंद्रजीत यादव, युवराज कश्यप, अरमान अहमद, विनय सिंह, अनिकेत यादव सहित वार्डवासी एवं कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# शिवनाथ नदी इंटकवेल में 90 किलो वाट के दो मोटर पंप लगें, अब शहर में नहीं होगा जल संकट

## 2 और मोटर पंप को एक सप्ताह के भीतर लगाने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शिवनाथ नदी 24 एमएलडी इंटरवेल में आज विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा 2 नए मोटर पंप का लोकार्पण किया गया। 2 और नए पंप को एक सप्ताह के भीतर लगाने के निर्देश दिये गये है। खरीदे गये प्रत्येक नये मोटर की क्षमता 90 एचपी होगी।जिससे शहर में पानी का संकट नही होगा। इस शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा,जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, पूर्व पार्षद कुलेश्वर साहू, एल्डरमेन देव सिन्हा,अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, कार्यपालन अभियंता आरके पांडेय, भवन अधिकारी प्रकाशचंद्र थवानी, मोहित मरकाम, नारायण ठाकुर के आदि मौजूद रहें। बता दे कि डीएमएफमद की राशी रुपये 1 करोड़ 60 लाख की स्वीकृती से 4 नये पंपो का क्रय किया गया है।कार्यस्थल पर 2 नए मोटर पंप का लोकार्पण किया गया है।इस दौरान विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि फिल्टर प्लांट में आज 2 मोटर पंप लगवाया गया है। जिसकी लागत 1 करोड़ 60 लाख रुपये है। दुर्ग शहर में कुछ दिनों पहले पानी की समस्या आई उसको ध्यान में रखकर पानी की समस्या से निजात दिलाने हेतु 4 मोटर पंप खरीदे गए। जिंसमे 2 मोटर पंप का शुभारंभ आज किया गया। उन्होंने 2 और मोटर पंप को लगवाने के लिए मौजुद अधिकारी को एक सप्ताह के अंदर लगवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर 2 मोटर पंप का भी शुभारंभ किया जाएगा। ताकि नागरिको को पानी की समस्या न हो।उन्होंने कहा कि अधिकारी निरन्तर मॉनिटरिंग करते रहें। नये मोटर पंपो का मेंटनेंस का भी ध्यान रखें।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा पहले 45 केबी के 6 पंप चलते थे,उसकी क्षमता को डबल करते हुए 90 किलो वाट के चार मोटर पंप खरीद गया।

# सम्पत्तिकर में 30 सितम्बर तक 4 प्रतिशत छूट का लाभ उठाएं 2 हजार के नोट से पटाएं टैक्स

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई ने सम्पत्तिकर भुगतान करने पर नागरिकों को 4 प्रतिशत विशेष छूट कर प्रावधान किया है। 30 सितम्बर तक नागरिकगण अपने भवन तथा व्यवसायिक भूखण्ड का सम्पत्तिकर का भुगतान कर 4 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है नागरिक 2 हजार के नोट से भी टैक्स जमा कर सकते है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के राजस्व वसुली हेतु एस.पी.एस. ठेका कम्पनी को निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के सक्त निर्देश दिये है। आयुक्त ने कंपनी के प्रतिनिधियों से कहा है कि निगम क्षेत्र में बने नवीन भवन तथा नवनिर्मित तलो का गणना कर टैक्स का निर्धारण का मांग पत्र भेजे और टेक्स जमा कराएं। 30 सितम्बर तक सम्पत्तिकर जमा कर नागरिक 4 प्रतिशत तक के छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। बता दे कि भारत सरकार के रिर्जव बैंक द्वारा पूर्व घोषित अनुसार 30 सितंबर के बाद 2 हजार के नोट बाजार में चलन से बाहर हो जाएगा, निगम ने नागरिकों से कहा है कि अपने सम्पत्तिकर का भुगतान 2 हजार के नोट से भी कर सकते है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम क्षेत्र के करदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि अपने आवासीय एवं व्यवसायिक भवनों का स्वविवरणी के माध्यम से नवीन मूल्यांकन के आधार पर सम्पत्तिकर की राशि 30 सितंबर तक जमा कर छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। भवनों में तलों का विस्तारीकरण की जानकारी भी स्वविवरणी मे अवश्य देवे ताकि भविष्य में जांच के बाद लगने वाले अधिभार से बचा जा सके।

# विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन और शिलान्यास किया



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने रायपुर के निवास कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम में 26 जिलों में 6080 करोड़ रुपए की लागत के 7300 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इसमें मुंगेली जिले के लिए 69 करोड़ 80 लाख 84 हजार रूपए के 101 कार्यों का शिलान्यास, 17 करोड़ 70 लाख 25 हजार रूपए के 40 कार्यों का भूमिपूजन तथा 52 करोड़ 58 लाख 75 हजार रूपए के 134 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष से जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर, छत्तीसगढ़ ऊर्दू अकादमी बोर्ड के सदस्य एजाज खोखर, नगरपालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वरी वर्मा, कलेक्टर, गणमान्य नागरिक लोकराम साहू, आनंद देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और संबंधित विभाग के अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

# विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन शैली के संदर्भ में जानकारी



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

विद्यालय में व्यसन मुक्ति कार्यशाला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जरहागांव जिला मुंगेली में विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन शैली के संदर्भ में जानकारी गायत्री परिवार शाखा तखतपुर के परिजनों द्वारा दी गई साथ ही विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शांतिकुंज हरिद्वार युग निर्माण योजना मथुरा से प्रकाशित साहित्य का निशुल्क वितरण भी किया गया. कार्यक्रम में डॉक्टर व्यास नारायण ठाकुर देवी सिंह डॉ गोपाल सिंह एवं नारायण प्रसाद पाली उपस्थित रहकर कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन किया हर करम में प्रधान पाठक ईश्वर भारती मिश्रा अनंत मैडम एवं सभी शिक्षक का एवं शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा ।

# बहुप्रतीक्षित ठगड़ा बांध 4 अक्टूबर से बनेगा जनाकर्षण का नया केंद्र : वोरा

- महापौर ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया एवं शहर की जनता को विकास कार्य की सौगात के लिए बधाई दी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com








मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग नगर निगम सीमा क्षेत्र में लगभग 40 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कलेक्टोरेट सभागार में हुए वर्चुअल कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आर एन वर्मा, सभापति राजेश यादव, लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, सहकारी बैंक अध्यक्ष राजेंद्र साहू, अलताप अहमद,पुष्पा यादव समेत एमआईसी सदस्यों व पार्षदों की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने शहर के नगर निगम के क्षेत्रों में 5.56 करोड़ से पाइप लाइन विस्तार, विभिन्न क्षेत्रों में 5.96 करोड़ से पानी निकासी हेतु नाला निर्माण, 3.26 करोड़ से शहर के 3 प्रमुख मार्गों के चौड़ी करण व उन्नयन कार्य, 80 लाख की लागत से पोटिया में मांगलिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही 65 लाख की लागत से अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी रहे मोतीलाल वोरा के नाम से सभागार, 3.29 करोड़ की दो नग उच्चस्तरीय पानी टंकी, 3.22 करोड़ की 30 सड़कों व नाली निर्माण के साथ 16 करोड़ की लागत से निर्मित बहुप्रतीक्षित ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों को विकास कार्यों की बधाई देते हुए आने वाले चुनावों में पूरी निष्ठा एवं कर्मठता के साथ शासन की नीतियों व योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाने का संदेश दिया।शहर व निकटतम क्षेत्रों में 600 करोड़ से अधिक के विकास कार्य पिछले पौने पांच वर्ष में कराए गए हैं। विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एक एक व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त करने का काम किया है। किसान न्याय, गोधन न्याय, महिला समूहों की कर्जमाफी, बेरोजगारी भत्ता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय सुविधाएं, अधोसंरचना विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती हो या फिर अन्नदाताओं को उचित दाम भूपेश सरकार हर क्षेत्र में जनप्रिय एवं अव्वल है। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी ने कहा कि ट्विन सिटी के हृदय स्थल पर स्थित 16 करोड़ के ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं जहां विधिवत पूजा पाठ कर जनता को परिवार के साथ गार्डन, चिल्ड्रन पार्क, फूड जोन, बोटिंग, झूले रंगीन फाउंटेन के बीच समय व्यतीत करने का अवसर मिलेगा व दुर्ग शहर को नया आकर्षण का केंद्र प्राप्त होगा। महापौर धीरज बाकलीवाल ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया एवं शहर की जनता को विकास कार्य की सौगात के लिए बधाई दी।इस दौरान कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, आयुक्त लोकेश चंद्राकर,सीईओ अश्वनी चन्द्राकर, एमआईसी सजय कोहले, दीपक साहू,भोला महोविया, जमुना साहू, जयश्री जोशी,अनूप चंदनिया, विजेंद्र भारद्वाज, श्रद्धा सोनी, प्रेमलता साहू व एमआईसीके सभी सदस्य पार्षद व एल्डरमैन,निगम अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।

# अस्पताल भेज कर जीवन बचाने वाले बैगा गुनिया को श्रीफल एवं शॉल से सम्मान

- झाड़ फूंक से नहीं, विज्ञान की दवा से बचती है सर्पदंश मरीजों की जान, यह समझ चुके दो बैगा कलेक्टर से हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



झाड़ फूंक करने वाले ही जागरुक होकर सर्पदंश पीड़ित को हॉस्पिटल भेज रहे हैं और लोगों का जीवन बचा रहे हैं। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने सर्पदंश के पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल भेज कर जीवन बचाने के सराहनीय कार्य के लिए बैगा गुनिया को श्रीफल एवं शॉल प्रदाय कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने सम्मानित करते हुए जिले के अधिकारियों को कहा कि आप जहां भी जाएं लोगों से इस विषय मे बातें करें जागरूकता लाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। लोग जागरूकता की कमी के कारण जान गंवा रहे हैं। जागरूकता से जान बचाई जा सकती है।

**इन्हें किया गया सम्मानित**-सम्मानित होने वाले नरेश पांडा बाबा जशपुर और प्रसाद यादव बगीचा निवासी ने कलेक्टर को आभार प्रकट करते हुए जन जागरूकता को और आगे भी चलाये जाने की अपील की साथ ही खुद भी सहयोग करने की बात कही।

**सर्पदंश से बना रहता है खतरा**-गौरतलब है कि जशपुर जिला शुरू से ही साँपों के लिए जाना जाता रहा है जहां बारिश की पहली बून्द खुशियों के साथ साथ रेंगती मौत का खौफ लेकर आती है, जशपुर के फरसाबहार विकासखंड को भले ही नागलोक के लिए के नाम से प्रसिद्ध उपाधि है, परन्तु पूरा जिला ही साँपों के लिए पूरे देश मे अलग पहचान बनाये हुए है, आपको पता हो कि भले ही जशपुर नागलोक के नाम से जाना जाता है परन्तु जिले भर में सबसे ज्यादा कॉमन करैत सांप पाए जाते हैं वही करैत जो एशिया का सबसे ज्यादा जहरीला सांप है, जो रात को ही शिकार के लिए बाहर निकलते हैं और इसी क्रम में जमीन में सो रहे इंसानों के बिस्तर में घुस जाते हैं आदमी के द्वारा जैसे ही करवट बदला जाता है ये दबते ही काट लेते हैं करैत के दांत छोटे और बारीक होने के कारण पता ही नही चलता साथ ही दर्द भी ज्यादा नही होता सर्पदंश पीड़ित को तुरन्त पता ही नही चल पाता कि वो करैत सांप का शिकार हो गया है।

**ये रहे उपस्थित**-इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा,अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, आर पी चौहान, सर्व एसडीएम, विभाग के अधिकारी एवं सर्प विशेषज्ञ कैसर हुसैन उपस्थित थे।

## आवास प्राप्त करने के लिए जमा करे 10 प्रतिशत अंशदान की राशि

**भिलाईनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर लॉटरी में भाग लेने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। मकानों की निर्धारित संख्या को देखते हुए हितग्राही अंशदान की राशि तत्काल जमा कर अपना स्थान सुनिश्चित करा लेवे। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मोर मकान मोर आस घटक के तहत सूर्या विहार के पीछे, खमरिया, भिलाई, अविनाश मेट्रोपॉलिश, जुनवानी कोहका, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड, रजत बिल्डर्स, शांतिनगर कोहका एवं स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद में निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु किराएदारी के रूप में निवासरत बेघर परिवारों के द्वारा आवास आबंटन के लिए विगत 30 जून तक आवेदन जमा किया गया था।

# दीपक तले अंधेरा, नगर पालिका से दो सिर्फ कदम बिरसा मुंडा चौक और हृदय स्थल महाराजा चौक में गड्डों से बदहाल सड़क

- समूचे शहर में सीसी रोड और नालियों का काम हो रहा धड़ल्ले से, यहां निगाह नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





चुनाव का बिगुल बज चुका है राजनैतिक पार्टियां और विधायक बनने की चाहत रखने वाले नेता अपनी तैयारी में जुट गए हैं। वर्तमान सरकार शहरों और गावों में विकास की सौगात की घोषणा रोजाना कर रही है। बात अगर जशपुर जिला मुख्यालय की करें तों यहां के तमाम 20 से अधिक वार्डों में सीसी रोड और नालियों का काम वृहद पैमाने में किया जा रहा है। लेकिन यहां सबसे हैरत की बात यह है कि नगर पालिका दीपक तले अंधेरा वाली कहावत का चरितार्थ करता नजर आ रहा है। नगर पालिका क्षेत्र जशपुर में सड़कें बहुत अच्छी हैं लेकिन कुछ जगह ऐसे हैं जहां समस्या थोड़ी है पर उसे नजरअंदाज कर बड़ी बना दिया जा रहा है।

### बिरसामुंडा चौक में 1 फीट गड्ढा

भगवान बिरसा मुंडा चौक के पास ही सिर्फ दो कदम की दूरी पर नगर पालिका परिषद् का कार्यालय स्थित है। यहीं से रोजाना नपा के अध्यक्ष, सीएमओ, वार्ड के पार्षदों और इंजीनियर का गुजरना होता है। यहां मेसर्स केदारनाथ गुप्ता किराना स्टोर के पास डेड़ फीट के गड्ढे बने हैं, जो हादसों को दावत दे रहे हैं। यहां खानापूर्ति के लिए एकाध बार डस्ट डाला गया था लेकिन वह भी पानी में बह गया। यहां सीसी कांक्रीट की स्थाई मरम्मत की आवश्यकता है।

### महाराजा चौक के पास जर्जर सड़क

बस स्टैण्ड से महाराजा चौक होकर देवी मंदिर के लिए जाने वाली प्रमुख सड़क बनर्जी ब्रदर्स किताब दुकान के पास जर्जर स्थिति में है। यहां मरम्मत के नाम पर सीमेंट और मलबा डालकर छोड़ दिया गया जिससे सड़क के गड्ढे और बेकार स्थिति में पहुंच चुके हैं। यहां भी पानी का जमाव होता है। यह शहर के हृदयस्थल की प्रमुख सड़क है। इसपर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### स्कूली बच्चों के लिए मुसीबत

उक्त गड्ढों से हादसों का खतरा मंडरा रहा है। यहां सबसे अधिक परेशान स्कूल जाने वाले बच्चे हो रहे हैं। पैदल वालों को वाहन के जरिए कीचड़ का सामना करना पड़ता है औ वाहन में चलने वाले छोटे बच्चों के लिए हादसे का खतरा बना रहता है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**अनुबंध कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक. WRS-R-23-24-OT-GREENCO दिनांक 22.09.2023

**कार्य का नामः** खुली निविदा के तहत (अ) वैगन रिपेयर शॉप रायपुर में ग्रीनको रेटिंग प्रणाली "गोल्ड से प्लैटिनम" का उन्नयन । **अनुमानित निविदा मूल्यः** ₹ 6,07,723.60/-, (छै लाख सात हजार सात सौ तेईस रुपये एवं साठ पैसा मात्र) जीएसटी सहित। **मात्रा और संविदात्मक अवधिः** संलग्नक के अनुसार 36 छत्तीस) महीना की अवधि के लिए । **बयाना राशि (रु): ₹** 12,200.00/- (बारह हजार दो सौ रुपए मात्र), **निविदा समाप्ति तिथि और समयः** 23.10.2023 को 16.00 बजे, **बिड प्रारंभ की तारीखः** 09.10.2023, **पात्रता मापदंडः** वेबसाइट पर देखा जा सकते हैं।

इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा । निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है ।

*उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/वैरिशा(।।)*

पीआर/आर/डब्ल्यूआरएस/एएन/145 द.पू.म. रे., रायपुर

South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पंचायत खरौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

E-mail : cmonpkharod@rediffmail.com

क्र./964/न.प./लो.नि.वि./2023-24 — खरौद, दिनांक 26/09/2023

**// प्रथम मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से गौण खनिज मद अंतर्गत (पी.डब्लु.डी.बिल्डिंग एस.ओ.आर. 01.01.2015) हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

01. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 09/10/2023 समय 5:00 बजे सायं तक।
02. परिक्षण उपरान्त निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 11/10/2023 समय 5:00 बजे सायं तक।
03. निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 18/10/2023 समय 4:00 बजे सायं तक।
04. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय - 18/10/2023 समय 4:30 बजे सायं।

| स. क्र. | कार्य का विवरण एवं मद | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (FDR/TDR) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड क्र. 06 मांझापारा मुक्तिधाम में शेड निर्माण कार्य। | 13.57 | 10200 | 750 | 04 माह |

**नोटः-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालय नगर पंचायत खरौद में कार्यालयीन दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरौद
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

# उत्तर प्रदेश की प्रगति योगी आदित्यनाथ का योगदान

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** द्वारा निवेशकों का स्वागत करने से उत्तर प्रदेश देशी-विदेशी निवेश का मनपसंद स्थल बन गया है जिससे प्रदेश की तेजी से प्रगति हो रही है। उत्तर प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही योगी आदित्यनाथ ने मजाक में सिर के बल खड़ा कहे जाने वाले 'उल्टा प्रदेश' को एकदम सीधा कर 'उत्तम प्रदेश' में बदल दिया है। ढांचागत निर्माण, निवेश, सुरक्षा, संरक्षा, कानून व्यवस्था, गंभीर प्रशासनिक निर्णय तथा कुल मिला कर समाज के सभी वर्गों के लिए परिवर्तन के चक्र सही दिशा में तेज गति से घूमने लगे हैं। योगी के नेतृत्व में राज्य संभावित सर्वोत्कृष्ट निवेश स्थल की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रगति व समृद्धि की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश में निवेशक परिवर्तन में योगदान कर देश के हृदय प्रदेश की सफलता गाथा में शामिल होना चाहते हैं। भारत के सर्वाधिक जनसंख्या वाले प्रदेश में योगी के गतिशील नेतृत्व में उल्लेखनीय परिवर्तन दिखाई देता है। उन्होंने अभूतपूर्व विकास व आर्थिक प्रगति की ओर प्रदेश को दिशा दी है। उनके दूरगामी दृष्टिकोण वाले नेतृत्व ने न केवल कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार किया है, बल्कि बिजनेस व औद्योगिक प्रगति के लिए उपयुक्त माहौल भी बनाया है। विश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रचुर अवसर हैं जिनमें देशी-विदेशी निवेशक योगदान कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश केन्द्र बनाने के दृष्टिकोण के बारे में योगी आदित्यनाथ मुखर हैं। विकास के प्रति उनका सक्रिय दृष्टिकोण 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र से प्रेरित है जिसके चलते सबके समर्थन और विश्वास से सबका विकास हो रहा है। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पूरे राज्य में संपर्क में सुधार के लिए व्यापक ढांचागत परियोजनायें, जैसे 'गंगा एक्सप्रेसवे' तथा 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' शुरू की हैं। इन परियोजनाओं से न केवल परिवहन सुविधा मिली है, बल्कि रियल इस्टेट व लाजिस्टिक्स के लिए नए अवसर भी खुले हैं। उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत नोयडा-ग्रेटर नोयडा जैसे स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों तथा बुंदेलखंड में विकसित हो रहे डिफेंस कारीडोर के माध्यम से प्रगति कर रहा है। राज्य में उद्योगों को आकर्षित करने के लिए अनेक पहलें की गई हैं जिनमें अनेक कर रियायतें व सब्सिडी शामिल हैं। उर्वर भूमि तथा विशाल कृषि क्षेत्र के कारण कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में निवेश की असाधारण संभावनायें हैं।

'एक जिला, एक उत्पाद'-ओडीओपी जैसी पहलें विशिष्ट क्षेत्रीय उत्पादों को बढ़ावा देती हैं तथा कृषि-आधारित बिजनेसों की प्रगति में योगदान करती हैं। अतिथि सत्कार, यात्रा व ढांचागत संरचना समेत पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश से राज्य की प्रगति हो रही है। प्रदेश में धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने अनेक संभावित देशी-विदेशी निवेशकों से कारगर संबंध स्थापित कर उनको उत्तर प्रदेश में निवेश हेतु आमंत्रित किया है। राज्य ने निवेश तथा बिजनेस व उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए सिंगल-विंडो अनुमति, उद्योग-विशिष्ट पहलों के साथ ही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में सुधार किए हैं। प्रदेश के वर्तमान तथा निर्माणाधीन हवाईअड्डे, राजमार्ग तथा आगंतुकों के लिए अद्यतन सुविधायें उत्तर प्रदेश का आकर्षण बढ़ा रही हैं। यह तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में कानून-व्यवस्था में सुधार से उत्तर प्रदेश में बिजनेसों के लिए सुरक्षित परिवेश बना है।

# अतिवादियों पर लगाम लगाए कनाडा

## ओटावा को नई दिल्ली की भावनाओं पर अवश्य ध्यान देकर अपने देश में खालिस्तान-समर्थक तत्वों पर लगाम लगानी चाहिए। इससे द्विपक्षीय संबंध खराब होने की आशंका है जिसका नुकसान दोनों देशों को होगा।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




कनाडा तथा भारत के बीच जारी वर्तमान राजनयिक गतिरोध के चलते सारी दुनिया का ध्यान कनाडा-भारत संबंधों पर केंद्रित हो गया है। दोनों देशों के बीच हालिया दशकों में संबंध कभी इतने खराब नहीं थे जितने वर्तमान समय में हो गए हैं। द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट व तनाव का मुख्य कारण कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा दिया गया बयान है। जस्टिन ट्रूडो ने अलगाववादी सिख एक्टिविस्ट तथा 'खालिस्तान' के मुखर समर्थक निज्जर की हत्या का दोष कथित रूप से भारत पर लगा दिया। उन्होंने कहा था कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों की कथित 'संलिप्तता' है। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस बयान से स्वाभाविक रूप से नाराज नई दिल्ली ने उनके दावे का जोरदार तरीके से खंडन करते हुए इसे 'मूर्खतापूर्ण व दुर्भावना से प्रेरित' बताया। इस साल 18 जून को खालिस्तान-समर्थक नेता निज्जर को ब्रिटिश कोलम्बिया के सुरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मार दी गई थी जिसमें उनकी मौत हो गई थी। भारत ने पहले ही निज्जर को 'वांछित आतंकी' घोषित कर रखा था। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि इस घटना के पहले भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय संबंध सहज गति से आगे बढ़ रहे थे। हालांकि, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का कारण मुख्यतः भू-राजनीतिक विकास, अर्थिक संबंध तथा जनसंख्या संरचना संबंधी प्रवृत्तियां थीं। लेकिन खालिस्तान-समर्थक निज्जर की हत्या के बाद ये संबंध बहुत खराब हो गए। इसके बाद दोनों देशों ने एक दूसरे के प्रति 'जैसे को तैसा' वाली नीति अपनाई। उल्लेखनीय है कि जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जी20 सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए थे तब भी दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव स्पष्ट रूप से दिख रहा था।

नई दिल्ली काफी समय से कनाडा में मौजूद 'खालिस्तान-समर्थक' तत्वों के प्रति अपना विरोध दर्ज करा रही थी। कनाडा में मौजूद खालिस्तान-समर्थक तत्वों ने 'खालिस्तान' के मुद्दे पर वैश्विक जनमत संग्रह का आह्वान किया था। नई दिल्ली इस जनमत संग्रह को भारत-विरोधी अभियान मानते हुए इसका घोर विरोध कर रही थी। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि जस्टिन ट्रूडो अनेक कारणों से अपने देश में खालिस्तान-समर्थक तत्वों के प्रति न केवल आंखें बंद किए थे, बल्कि उनका प्रत्यक्ष व परोक्ष समर्थन भी प्राप्त कर रहे थे। 2018 में जब जस्टिन ट्रूडो द्विपक्षीय यात्रा पर भारत आए थे तब उनके प्रतिनिधिमंडल में एक 'खालिस्तानी एक्टिविस्ट' शामिल था। इसका भारत में भारी विरोध हुआ था और कनाडाई प्रधानमंत्री की स्थिति इसे लेकर असहज हो गई थी।

भारत ने कई बार कनाडा में रह रहे अनेक खालिस्तान-समर्थक आतंकी तत्वों के प्रत्यर्पण की मांग भी की है, लेकिन कनाडा सरकार ने इसका कोई जवाब नहीं दिया है। यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि ओटावा में खालिस्तान-समर्थक तत्वों ने भारतीय राजनयिकों को जान से मारने की धमकी भी सार्वजनिक रूप से दी है। ऐसे में सवाल उठता है कि भारत के लिए कनाडा का क्या महत्व है? उल्लेखनीय है कि इस पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश में अपने गृह राज्य पंजाब से बाहर सिखों की जनसंख्या सबसे अधिक है। कनाडा में रहने वाले कुल 40 मिलियन प्रवासियों में भारतीय प्रवासी लगभग 1.4 मिलियन हैं। इनमें से 770,000 लोग सिख धर्म का पालन करने वाले हैं। विडंबना है कि इनमें से कुछ लोग चरमपंथी व खालिस्तान-समर्थक हैं तथा भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में लिप्त हैं। नई दिल्ली ने अक्सर ऐसे तत्वों के खिलाफ कनाडा सरकार से शिकायत की है। हालिया विवाद के बाद इस सप्ताह के प्रारंभ में कनाडा और भारत ने तेजी से कार्रवाई करते हुए एक-दूसरे के राजनयिकों को देश छोड़ने के लिए कहा। गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडाई नागरिकों की वीसा सेवाओं को स्थगित करने की घोषणा कर दी। ओटावा का दावा है कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों ने हत्या से भारत सरकार के संबंध जोड़ने वाले प्रमाण खोजे हैं।

जहां तक भारत की आंतरिक राजनीति का सवाल है, कांग्रेस तथा अन्य पार्टियों ने भारत सरकार का इस प्रकरण में समर्थन करते हुए ट्रूडो के बयान की आलोचना की है। उनको इस आरोप पर आश्चर्य हुआ है कि भारत सरकार ने भारतीय-मूल वाले कनाडाई नागरिक की कनाडा में हत्या कराई है। भारत की सभी विपक्षी पार्टियों ने भारतीय विदेश मंत्रालय का समर्थन किया है। हालांकि, अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल ने सुझाव दिया है कि राजनीतिक दलों को एकसाथ काम करते हुए मीडिया में जारी सिख-विरोधी प्रचार रोकने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। जहां तक अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य का सवाल है, पश्चिमी सहयोगियों द्वारा भारत के प्रति प्रतिक्रिया में सावधानी बरती गई है। अमेरिका के वरिष्ठ राजनयिक डेविड कोहेन ने दावा किया था कि जस्टिन के आरोपों के पीछे 'फाइव आईज़' की खुफिया सूचना है। फाइव आईज़ नेटवर्क एक खुफिया गठबंधन है जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड शामिल हैं। द न्यूयार्क टाइम्स ने रविवार को लिखा, 'जून में सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने अपने कनाडाई समकक्षों को जो संदर्भ दिया उससे कनाडा को यह नतीजा निकालने में सहायता मिली कि इसमें भारत की संलिप्तता है।' ट्रूडो ने भारत से कनाडाई अधिकारियों से सहयोग करने का आह्वान किया है ताकि हत्या के बारे में 'सत्य उजागर' किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा है कि वे दोनों देशों के बीच तनाव नहीं बढ़ाना चाहते हैं।


इस गतिरोध के कारण भारत और कनाडा, दोनों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। भारत कनाडा का दसवां सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझीदार है। कनाडा की 2022 की हिंद-प्रशांत रणनीति में भी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। कनाडा का दसवां सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझीदार होने के साथ ही भारत और कनाडा के बीच पिछले एक दशक से व्यापार समझौते पर चर्चा हो रही है। 2022 में दोनों देशों के बीच व्यापार केवल 13.7 बिलियन कनाडाई डालर था जो कनाडा के कुल 1.52 ट्रिलियन कनाडाई डालर व्यापार का बहुत छोटा हिस्सा है। पहले 'अर्ली प्रोसेस ट्रेड एग्रीमेंट'-ईपीटीए के बारे में उच्च स्तरीय वार्ता चल रही थी। लेकिन अब अक्टूबर में होने वाली ईपीटीए वार्ता को अनिश्चित काल के लिए टाल दिया गया है।

कनाडा से व्यापार 2012 में 3.87 बिलियन डालर से बढ़ कर 2022 10.18 बिलियन डालर हो गया। वर्तमान प्रकरण से दोनों पक्षों का व्यापार प्रभावित होगा। इसके साथ ही भारत से कनाडा जाने वाले प्रवासियों की संख्या घट सकती है। पिछले सालों में भारत से अनेक प्रवासी कनाडा गए थे। 2013 से इनकी संख्या तीन गुनी बढ़ गई थी जिससे फिलीपीन्स व चीन से कनाडा जाने वाले प्रवासियों का स्थान नीचे खिसक गया था। दोनों देशों के बीच तनाव के कारण छात्रों की संख्या पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है जो भारत से अध्ययन करने कनाडा जाते हैं। भारत से विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या का 30 प्रतिशत से अधिक कनाडा जाते हैं। इसके साथ ही आने वाले पर्यटकों की संख्या भी प्रभावित हो सकती है। 21 सितंबर को भारत ने घोषणा की कि वह अस्थाई रूप से कनाडाई नागरिकों को वीसा जारी करने पर रोक लगा रहा है क्योंकि कनाडा में उसके मिशनों में सुरक्षा का संकट है।

नई दिल्ली खालिस्तान-समर्थकों को दी गई समुद्रपारीय नागरिकता समाप्त करने पर भी विचार कर रही है। राजनीतिक व आर्थिक शक्ति के मामले में भारत 1980 व 1990 के दशक से बहुत आगे निकल आया है। चीन का प्रभाव संतुलित करने के लिए अमेरिका भारत के साथ साझेदारी करना चाहता है। वह चाहता है कि उसके सहयोगियों और भारत के बीच कोई तनाव न हो। पेंटागन के एक पूर्व अधिकारी ने कहा है कि यदि अमेरिका को दोनों देशों में से एक को चुनना हो तो वाशिंगटन भारत का पक्ष लेगा क्योंकि वह क्षेत्र में चीन को संतुलित करने के लिए भारत को खुश कर रहा है। लेकिन भारत-कनाडा संबंधों पर पड़ने वाला कोई नकारात्मक प्रभाव कनाडा को हिंद-प्रशांत नेटवर्क में शामिल होने से रोकेगा। ओटावा भारत की क्षेत्रीय शक्ति व प्रभाव को पहचानता है। ऐसे में ओटावा को नई दिल्ली की भावनायें समझते हुए खालिस्तान-समर्थक तत्वों को खुश करने के प्रयास बंद करने चाहिए।

# नेतृत्व शक्ति बनने को अग्रसर नारी शक्ति

> "लोकतंत्र का मंदिर ही देवीस्वरूपा 'नारी शक्ति' के उचित प्रतिनिधित्व से अछूता था। जिसे दूर करने के लिए 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक लाया गया।"



**अश्विनी कुमार चौबे**
(लेखक, केंद्रीय मंत्री हैं)

नारी शक्ति, किसी भी राष्ट्र के विकास की अधिष्ठात्री है। विकास की धुरी पर कोई देश सरपट दौड़ तभी लगा सकता है। जब लैंगिक भेदभाव की जगह समता, समानता की परिपाटी परिलक्षित हो। भारत भूमि लोकतंत्र की जन्मदात्री है। जहां से लोकतंत्र का बीज पुष्पित-पल्लवित होकर दुनिया के विभिन्न देशों में पहुँचा। भारतीय संविधान की प्रस्तावना भी हम 'भारत के लोग' से शुरू होती है। ऐसे में कालांतर से चली आ रही कुछ विसंगतियों को दूर करना आज़ादी के अमृतकाल में नितांत आवश्यक हो गया था। इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संकल्प के साथ नए संसद भवन के स्वप्न को हकीकत में तब्दील किया, उससे भी अधिक उल्लेखनीय बात यह है कि नए संसद भवन का पहला सत्र मातृशक्ति को नेतृत्व शक्ति के रूप में आगे बढ़ाकर एक नए भविष्य की ऐतिहासिक दृष्टि प्रदान की।

देश की कई राज्य विधानसभाएं हैं, जहां लैंगिक विविधता की कमी दीप्तिमान होती रही है। लोकतंत्र का मंदिर ही देवीस्वरूपा 'नारी शक्ति' के उचित प्रतिनिधित्व से अछूता था। जिसे दूर करने के लिए 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक लाया गया। राज्यसभा और लोकसभा में पारित होने के साथ ही इस विधेयक ने सामाजिक समरसता, समानता और नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा क़दम बढ़ा दिया है। महिला आरक्षण के लागू होने के साथ अब महिलाओं के मुद्दे को लोकतांत्रिक व्यवस्था में उचित प्रतिनिधित्व मिल पाएगा। जिसकी बाट वो आज़ादी के बाद से जोह रही थी, लेकिन वह दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही मयस्सर हुआ।

नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति बनाने की प्रबल इच्छा ही है कि विगत नौ वर्षों से लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ऐसे कई प्रयास किए जा रहें हैं। जो मातृ शक्ति को समृद्ध, सशक्त और राष्ट्र के नवनिर्माण की सारथी बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

बैंकिंग व्यवस्था से महिलाओं को जोड़ने का जो बीड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उठाया। वह कदम वित्तीय समावेशन की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के माध्यम से लाखों-करोड़ों महिलाएं बैंक के द्वार तक पहुंची। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही सामाजिक स्तर पर सबल बनाने का प्रयास भी चल रहा है। मोदी सरकार में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से न सिर्फ आज़ादी मिली, बल्कि उन्हें उनके सम्मान और सशक्तिकरण की नई राह मिली। निःसंदेह नारी शक्ति वंदन अधिनियम के उदय से महिलाओं के जीवन में एक नया सवेरा आएगा और यह आज़ादी के 75 वर्षों बाद पहली मर्तबा है, जब तुष्टिकरण की बजाय सशक्तिकरण को अहमियत दी जा रही है।

इतना ही नहीं 'लैंगिक न्याय' और सामाजिक समरसता का जो विज़न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के सामने अपने पहले प्रधानमंत्रित्व काल में रखा। वह अब असल रूप से साकार रूप ले रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक संवेदनशील, सजग और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी होने के साथ समावेशी सरकार के नेतृत्वकर्ता है। इसलिए समाज के हर तबक़े का हित सुनिश्चित करना उनके लिए सर्वोपरि है। उन्हें भलीभांति तरीके से ज्ञात है कि देश और समाज की प्रगति में आधी आबादी की क्या भूमिका है? यही वज़ह है कि वर्तमान समय में तेजी के साथ देश की आधी आबादी नित-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। आज़कल खेल के मैदान से लेकर, आसमान तक और अंतरिक्ष से लेकर विज्ञान तक हर क्षेत्र में महिलाएं अपने कर्म-कौशल का परिचय दे रही हैं, तो यह एक नए और बदलते भारत की मजबूत तस्वीर बयां करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुधारवादी और परिवर्तनकारी प्रयासों के लिए जाने जाते हैं और आज देश का कोई भी ऐसा वर्ग नहीं है। जो विकास से वंचित हो। ऐसी अनगिनत योजनाएं हैं। जो हर वर्ग और समाज के अंतिम जन के लिए लाभकारी साबित हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं के सशक्तिकरण और समृद्धि के लिए बुनियादी विकास पर जोर दिया है। इस बुनियादी विकास की नींव '3-ई' पर टिकी हुई है। एजुकेशन, इम्पलायमेंट एवं एम्पावरमेंट को आधार बनाकर विकास की मुख्यधारा में महिलाओं को सबल और सक्षम बनाया जा रहा है। महिला उद्यमियों को 27 करोड़ से अधिक मुद्रा ऋष्ग का वितरण और मिशन पोषण सहित मोदी सरकार द्वारा लागू की गई पहलों से महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।

पूर्ववर्ती सरकारों में तुष्टिकरण की राजनीति को विशेष महत्व दिया जाता रहा। जिसकी परिणीति यह हुई कि महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक, मौलिक और संवैधानिक अधिकार सिर्फ़ कागज़ों में सिमटकर रह गए थे। जिसकी वज़ह से लोकतंत्र के मंदिर में भी नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व का अनुपात काफ़ी बिगड़ गया। लेकिन अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण के लागू होने के पश्चात महिला सांसदों की संख्या 82 से बढ़कर 181 पहुँच जाएगी। महिला आरक्षण की मांग दशकों पुरानी है, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की सत्तालोलुपता और तुष्टिकरण की राजनीति के फेर में यह मुद्दा अधर में ही लटका रहा। ऐसे में महिला आरक्षण विधेयक अगर अब अमलीजामा पहन रहा है, तो यह कहीं न कहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति और उनकी नारी शक्ति के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने यह महसूस किया है कि कैसे वैश्विक स्तर पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में बढ़ी है और उसके सकारात्मक प्रभाव देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य पर पड़ा है। यही वजह है कि मोदी जी की सरकार एक संवेदनशील और समावेशी सरकार की भांति कार्य करते हुए देश को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जा रही है। विकसित राष्ट्र की बुनियाद समान प्रतिनिधित्व, लैंगिक समानता और सामाजिक समावेशन पर टिकी हुई है।

इसलिए मोदी जी ने अमृतकाल के उषाकाल में समावेशी लोकतंत्र बनाने की मजबूत नींव रखी है। जहां महिलाओं का प्रतिनिधित्व तो बढ़ेगा ही, उनसे जुड़े मुद्दों को भी अधिक तरजीह मिलेगी और 2047 आते-आते देश विकसित राष्ट्र के रूप में हमारे सामने होगा। जिसमें महिला शक्ति की अमिट छाप दिखाई देगी।

## आप की बात

### आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### पटकथा लेखकों की विजय

**हॉलीवुड** में शायद पुराने दिनों वाली रौनक वापस लौटने वाली है। सोमवार को यहां के पटकथा लेखकों व स्टूडियो मालिकों में उस समझौते की घोषणा हुई जिसके तहत लेखक अपनी 146 दिन पुरानी हड़ताल खत्म करने के लिए तैयार हो गए। उन्हें उनकी मांग के अनुरूप मेहनताने में बढ़ोत्तरी का भरोसा दिलाया गया है। इस समझौते का सबसे अहम् पहलू यह है कि निर्माता कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई को फिल्म निर्माण में हावी नहीं होने देंगे। आज अनेक क्षेत्रों में भविष्य की आजीविका पर सबसे बड़ा खतरा एआई तकनीक से दिखाई दे रहा है। फिल्म निर्माण भी ऐसे क्षेत्र में आता है। अगर हॉलीवुड सचमुच अपने आपको एआई के चंगुल से दूर रख पाता है तो फिल्म निर्माण में लगे हर इंसान के लिए ये बहुत बड़ी खुशखबरी है। एआई को पटकथा जैसे रचनात्मक लेखन से दूर रखने का समझौता बहुत ही महत्वपूर्ण है। एआई के अनेक क्षेत्रों में हस्तक्षेप की बातें बहुत बढ़ चढ़ कर कही जा रही हैं। लेकिन इससे विभिन्न क्षेत्रों में लेखकों, कवियों, साहित्यकारों, चित्रकारों, आदि के बेरोजगार होने के साथ मानवीय प्रतिभा के विकास का रास्ता भी बाधित हो सकता है। उम्मीद है कि हालीवुड लेखकों की विजय के बाद एआई पर लगाम लगाने के प्रयास तेज होंगे।

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कांग्रेस का दावा

**कांग्रेस** ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगानाए व राजस्थान चुनाव को लेकर भारी बहुमत से लेकर सामान्य जीत का दावा किया है। राहुल गांधी ने चार राज्यों में जिस क्रम से जीत की भविष्यवाणी की है, वह वास्तविकता के धरातल पर उतरती है या नहीं यह तो मतदान और उसके परिणाम के बाद ही सामने आएगा। मगर वस्तुस्थिति यही है कि राजस्थान व तेलंगाना में कांग्रेस का जीतना मुश्किल है। मध्य प्रदेश में भी फिलहाल तो रुझान भाजपा की ओर ही झुका हुआ है। मामा जी कहे जाने वाले शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न वर्गों को खुश करने के सभी प्रयास किए हैं। सत्ता में आने पर और सहायता का आश्वासन मतदाताओं व खासतौर से महिला मतदाताओं को लुभा रहा है। हालांकि, राहुल गांधी ने विधानसभा चुनावों में जीत के दावे करते हुए काफी संयम भी बरता है। राहुल का बयान वर्तमान राजनीतिक प्रवृत्तियों के विपरीत है जब नेता बढ़-चढ़ कर अपनी जीत के दावे करते हैं। कांग्रेस का दावा मुख्यतः हिमाचल व कर्नाटक की जीत पर आधारित है। लेकिन यह तथ्य भी है कि विधानसभा की जीत हार का आम चुनाव पर प्रभाव पड़ना जरूरी नहीं है।

**- सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### मन की बात

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने मन की बात में पर्यटन का महत्व रेखांकित करते हुए भारत में पर्यटन के माध्यम से रोजगार के बढ़ते अवसरों का विशेष उल्लेख किया है। भारत के धार्मिक व आध्यात्मिक स्थलों पर संस्कृतिक गलियारे के निर्माण से भारतीय पर्यटन उद्योग को आशातीत बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन की दृष्टि से भारत एक समृद्ध राष्ट्र है जिसमें ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्र में प्राकृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जी20 के दिल्ली अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन से भी भारतीय पर्यटन स्थलों के प्रति विदेशी पर्यटकों में आकर्षण बढ़ेगा। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में भारतीय संस्कृति, सभ्यता, वेदांत, दर्शन, संहिता और माइथोलोजी से संबंधित प्रदर्शनियां एवं कलाकृतियों के माध्यम से भारत ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के समक्ष रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात के माध्यम से बहुत बड़ी संख्या में भारतीय स्रोताओं को देश के सकारात्मक पक्ष से परिचित करा कर सर्वांगीण विकास, वसुधैव कुटुम्बकम तथा चरैवेति-चरैवेति की प्रेरणा देते हैं।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

# छत्तीसगढ़ के विकास में झिरिया यादव समाज का है महत्वपूर्ण योगदान:विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर के किसान भवन के पास अयोजित झिरिया यादव समाज सामुदायिक भवन निर्माण भूमिपूजन समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा उपस्थित थे जहां पर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर झिरिया यादव समाज सामुदायिक भवन निर्माण भूमिपूजन किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुऐ कहा की आज बढ़ा हर्ष का विषय है,नगर झिरिया यादव समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का आज भूमिपूजन कार्यक्रम सम्मपन हुआ,काफी लम्बे समय से नगर झिरिया यादव समाज के भाई/बहने भवन निर्माण हो सके इसके लिए लगातार प्रयास रत थे,पूर्व में प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का आगमन बेमेतरा में हुआ था जिसमे सभी समाजों के साथियों के साथ नगर झिरिया यादव समाज के भईया ने भी मुलाकात कर मांग प्रस्तुत किए उन सभी मांगों को मुख्यमंत्री जी ने सहजता से स्वीकार करते हुए सभी मांगों की स्वीकृति प्रदान किए नगर झिरया यादव समाज के भाइयों ने भी भवन निर्माण मांग किया था जिसका स्वीकृती आदेश आ चुका है,बहुत जल्द नगर झिरिया यादव समाज का सर्वसुविधा से सुज्जित भवन निर्माण बनकर तैयार हो जाएगा,प्रदेश सरकार सभी वर्ग और समाज को साथ लेकर विकास कार्यों को पूरा कर रही है। छत्तीसगढ़ के विकास में सभी समाज का योगदान है, झिरिया यादव समाज की अपनी एक अलग पहचान है, झिरिया यादव समाज छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के साथसाथ उसे सहेजने में भी झिरिया यादव समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता,प्रदेश की कांग्रेस पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री मान.भूपेश बघेल जी के कुशल नेतृत्व में यादव समाज के विकास हेतु गौ संरक्षण की दिशा में भी बहुत बड़ा कदम उठाया है। प्रत्येक गावों में गोठान निर्माण के साथ गौधन,गौ उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के द्वार खोले हैं। छत्तीसगढ़ एक मात्र राज्य है जो 0 2 रुपए किलों की दर से गोबर खरीदी कर रही है,इससे गौ पालन करने वाले हमारे झिरिया यादव समाज के भाईयो को भी लाभ पहुँच रहा है,इस अवसर पर अवनीश राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,मनोज शर्मा सभापति, ललित विश्वकर्मा महामंत्री,दामोदर यादव नगर अध्यक्ष झिरिया यादव समाज, नदकुमार यादव संरक्षक,लोकनाथ यादव, राजू साहु पार्षद,रानी सेन पार्षद,जनता साहू एल्ड्रमेन, चंद्रप्रकाश शीतलानि एल्डरमैन,रावेंद्र देवांगन एल्डरमैन,कृष्ण यादव, ध्रुव रजक, हिरेद्र मिश्रा, छबीराम यादव,हेरहा यादव, कोमल यादव,संदीप यादव, पीतांबर यादव,दीना यादव, फूलचंद यादव, नदकुमार यादव,गौतम यादव, रंगी यादव, रामशहाय यादव,मोहन यादव सहित बड़ी संख्या में नगरवासी समाजिक पदाधिकारीगण सदस्यगण उपस्थित रहे

# बेहतरीन चुनाव प्रबंधक हैं आलोक पांडेय,कार्यकर्ताओ के क्षमता नुसार देते हैं जिम्मेदारी:प्रज्ञा निर्वाणी

## आलोक पाण्डेय को नवागढ़ प्रभारी बनाये जाने से युवाओं में हर्ष

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश सचिवों और महासचिवों को लोकसभा और विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है ताकि वो अपने प्रभार के क्षेत्रों में संगठन और विधानसभा प्रत्याशी के साथ मिलकर चुनावों में जीत की कारगर रणनीति बना सकें, और प्रदेश काँग्रेस कमेटी के चुनाव वॉर रूम और विधानसभा के चुनावी गतिविधियों के बीच कड़ी का काम करें,सभी नियुक्त प्रभारी सीधे पीसीसी को डे टू डे एक्टिविटी की रिपोर्ट करेंगे,विधानसभा में आने वाले स्टार प्रचारकों के कार्यक्रमो की जरूरत और निगरानी के संबंध में पीसीसी अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौपेंगे, नवागढ़ विधानसभा के लिए प्रदेश काँग्रेस कमेटी के सचिव आलोक पाण्डेय को प्रभारी बनाये जाने पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आलोक पांडेय युवा काँग्रेस के समय से नवागढ़ आते रहे हैं,आरंग और अहिवारा विधानसभा चुनावों की जीत में उनकी अहम रणनीतिक भूमिका रही है,नवागढ़ में प्रभारी के तौर पर उनके अनुभवों का लाभ कार्यकर्ताओ को मिलेगा उनके कुशल मार्गदर्शन में नवागढ़ विधानसभा चुनाव फिर से काँग्रेस बड़े वोटो के अंतराल से जीतेगी ऐसा हम सबका विश्वास है। आलोक पांडेय को विधानसभा नवागढ़ का प्रभारी बनाये जाने पर प्रदेश सचिव रितेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष अंजलि मार्कण्डेय,सतीश मार्कण्डेय,जनपद सभापति लाला भारती,पार्षद नैना कुर्रे,भोज राज कुर्रे,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शक्तिधर दीवान,युंका अध्यक्ष लाला कटारे,रज्जु वैष्णव,सरपंच संजय जोशी,रितेश तिवारी,किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष झम्मन बघेल सहित महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का आभार व्यक्त किया है।

# डी ए व्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में हुआ पोषण आहार माह में विभिन्न आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

दाढ़ी तहसील मुख्यालय से 8किलोमीटर दूरी पर स्थित सी बी एस ई विद्यालय डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में पोषण आहार कार्यक्रम का आज जिसमें विद्यालय के लगभग एल के जी से कक्षा पांचवी तक के सभी बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिए, जिसका थीम था सुपोषित भारत, साक्षर भारत ,सशक्त भारत जो एक स्वस्थ और मजबूत देश के निर्माण में पोषण शिक्षा एवं सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के प्राचार्य श्री पी एल जायसवाल ने विभिन्न जानकारी साझा किया कि सरकार द्वारा कुपोषण एवं एनिमिया के स्तर में व्यापक कमी लाने तथा सुपोषित भारत की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन प्रारंभ हुआ है ,इस वर्ष भी हम दिनांक 01 सितंबर 2023 से 30 सितंबर 2023 तक पूरे भारत वर्ष में पोषण अभियान अंतर्गत ÷पोषण माह÷ 2023 विद्यालय के रूप हम विभिन्न आयोजन व गतिविधिया करा रहे हैं।जिसमें हम राष्ट्रीय पोषण माह 2023 का मुख्य थीम ÷सुपोषित भारत, संस्कार भारत, सशक्त भारत हैं राष्ट्रीय पोषण माह 2023 के दौरान निम्नलिखित थीम पर गतिविधियां



आयोजित की जा रही हैं सम्पूर्ण स्तनपान एवं ऊपरी आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा,पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाईफ अंतर्गत पोषण गतिविधियां, मेरी माटी मेरा देश,पोषण माह के रूप में हमारे विद्यालय में प्रतिदिन बच्चों को पोषण सम्बंधित विभिन्न जानकारी दिया जा रहा हैं।इसमें विद्यालय की शिक्षिका मनीषा सोनी,यामिनी मानिकपुरी, रेणुका पटेल,सविता साहू, आरती धीवर ,सरिता साहू के द्वारा विभिन्न गतिविधि कराया गया । एवं आज के कार्यक्रम में श्री ज्ञानेश्वर साहु शिक्षक ने सभी बच्चों को पोषण आहार के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य अल्पपोषण, एनीमिया (छोटे बच्चों, महिलाओं और किशोर लड़कियों के बीच) तथा जन्म के समय वजन में कमी सुधार लाना।इस मिशन का लक्ष्य विद्यालय में बच्चों में भी जागरूकता लाना।पोषण अभियान का उद्देश्य प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा सेवा वितरण और हस्तक्षेप, अभिसरण के माध्यम से व्यवहार परिवर्तन तथा विभिन्न निगरानी मापदंडों में प्राप्त किये जाने वाले विशिष्ट लक्ष्यों को सुनिश्चित करना है। इसी राष्ट्रीय पोषण माह के थीम सुपोषित भारत के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न प्रकार के फ्लों और सब्जियों का पोस्टर बनाकर उसके बारे में जानकारी दी तथा बच्चों के द्वारा लाए गए फ्लों एवं सब्जियों से बनाई हुई सुंदर प्रदर्शनी भी लगाई गई और उन फ्लों एवं सलाद का बच्चों के द्वारा सेवन भी किया गया। संस्था के प्राचार्य श्री पी एल जायसवाल सहित,शिक्षक ललित देवागन,राहुल पटेल,अखिलेश पटेल, ज्ञानेश्वर साहू, लीना सिंह, निशु गुप्ता, प्रियंका सिंह, गोविंद साहू,अनिल कुमार, यामिनी मानिकपुरी, आयुषी जैन,कैलाश सिंह,राजा तनतुवे, सरिता साहू, सविता साहू, मनीषा सोनी, रेणुका पटेल, आरती धीवर, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर, गीता साहू नरेश साहू व विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

# नया बाजार स्कूल राजहरा में एसएमडीसी की आवश्यक बैठक आयोजित की गई



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर के वार्ड क्रमांक 26 नेहरू नगर में 26 सितंबर को नया बाजार राजहरा में एसएमडीसी का आवश्यक बैठक आयोजित किया गया । जिसमें शाला प्राचार्य टी आर रानाडे ,वार्ड पार्षद टी. ज्योति व शाला के शिक्षकों के समक्ष बैठक आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति , शाला परिसर में शौचालय एवं मूत्रालय की नियमित साफ सफाई करवाना, कम्प्यूटर कक्ष, प्रायोगिक कार्य हेतु कक्ष, स्वामी आत्मानंद विद्यालय में शिक्षकों की कमी हेतु , पेय जल हेतु बोर खनन, शाला प्रवेश द्वार हेतु आवश्यक चर्चा किया गया। इन समस्त समस्याओं को आवेदन के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी को जानकारी दिया जायेगा ताकि शाला की समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण हो सके। इसके पहले भी वार्ड पार्षद टी. ज्योति द्वारा बीएसपी के माध्यम से फिल्टर वाटर उपलब्ध कराने की बात आवेदन के माध्यम से विधायक अनिला भेड़िया के समक्ष रखा गया था लेकिन बीएसपी सीजीएम की लापरवाही के कारण अभी तक निवारण नही हो पाया। अगर शाला की समस्त समस्या का निवारण जल्द से जल्द नही होता है तो शाला प्रबंधन समिति द्वारा जिला कलेक्टर तक बात रखी जाएगी ताकि समस्या का निवारण जल्द से जल्द हो सके। क्योंकि शाला में लगभग 1000 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

# एक को करेंगे योगेश तिवारी भाजपा में प्रवेश

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में अपनी कार्यों के कारण एवं बीते विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय पार्टी से चुनाव लड़ने वाले योगेश तिवारी शीघ्र ही भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश करने वाले हैं इसकी खबर लगते ही बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के कई लोगों ने के द्वारा योगेश तिवारी को बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्त किया है। बता दे की बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में योगेश तिवारी बीते 5 साल में जिस तरह से जनसेवा के रूप में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में न केवल सक्रिय रहे है अपितु जन मानस में अपने कार्यों को लेकर साफ छवि मनाने का प्रयास भी किया तब तक लोगों के बीच में यह तय होता था कि योगेश तिवारी एक बार फिर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ सकते हैं किंतु बीते समय से ऐसा माहौल बनना शुरू हो गया कि जिससे आम जनता में यह चर्चा का विषय हो गया कि क्या आगामी विधानसभा चुनाव में योगेश तिवारी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बन जाएंगे तब तक यह बात भी केवल अभी तक लोगों के बीच चर्चा रहा है एवं समाचारों पत्रों तक सीमित था किंतु योगेश तिवारी के द्वारा एक अक्टूबर को भाजपा में प्रवेश करने के संबंध में जानकारी देने के बाद इस बात को भी अब बल मिलने लगा है कि आने में समय में भारतीय जनता पार्टी से योगेश तिवारी को टिकट दिए जाने के लिए यह घड़ी के रूप में देखा जा रहा है वैसे इस संबंध में यह भी जानकारी मिली है कि योगेश तिवारी के द्वारा 29 सितंबर को इसके संबंध में और कुछ खुलासा कर सकते हैं इस बात को लेकर लोग कई तरह के अटकलें लग रहे हैं लेकिन वस्तु स्थिति 29 सितंबर को ही स्पष्ट हो पाएगा

# मटका में प्रभात फेरी के साथ विभिन्न स्थानों से मिट्टी संग्रहण किया

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका में बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर गांव के विभिन्न स्थानों से कलश में मिट्टी का संग्रहण किया , दीपक के साथ बच्चों ने पांच प्राण प्रतिज्ञा भी ली. साथ ही वीरों का वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षिका ज्योति बनाफर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाला प्रांगण से की गई ।धरती मां की विधिवत पूजन के बाद मिट्टी कलश में लिया गया। इसके बाद बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर ग्राम पंचायत भवन से मिट्टी का संग्रहण किया साथ ही पंचायत के सदस्यों तथा पंचगणों के साथ पंचप्राण प्रतिज्ञा ली गई। इसके बाद यह समूह हाई स्कूल की ओर चल पड़े । वहां प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने इसका स्वागत किया । वहां से मिट्टी संग्रहण कर गांव के गौठान तथा अन्य जगह से मिट्टी संग्रहण करते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पहुंचते ही प्रधान पाठक सुनीता मानिकपुरी द्वारा तिलक गुलाल नारियल से कलश का स्वागत किया गया जहां से ससम्मान इस कलश को विकासखंड भेजा जाएगा। सभी बच्चों द्वारा हाथ में मिट्टी का जलते हुए दीपक लेकर पंचप्राण की शपथ ली गई। द्वितीय दिवस वीरों का वंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कि कड़ी में ग्राम पंचायत मटका के वीर सपूत टिक्कू ध्रुव जो आज बिहार रेजीमेंट से जम्मू में अपनी सेवा दे रहे हैं उनके पिता राम विशाल ध्रुव जी तथा हाई स्कूल मटका से प्रभात सिंह जिन्होंने हाई स्कूल मटका में 2017 में एनसीसी स्थापित की । इस अवसर पर जितेंद्र यदु द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि मेरी माटी मेरा देश बच्चों को देश प्रेम से जोड़ने के लिए एक बहुत ही प्रेरणादायक कार्यक्रम है पवन जी द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया इस तरह की आयोजन से हमारे बच्चों के मन में देश प्रेम की भावना जागृत होगी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि राम विशाल ध्रुव जी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा वाकई में यह बहुत ही गर्व की बात है कि एक पिता का सम्मान आज उसके पुत्र की वजह से हो रहा है ।प्रभात सिंह जी द्वारा कहा गया एनसीसी हमें अनुशासन में रहना तथा लीडरशिप सीखाता है साथ ही उन्होंने कहा कि आज हमारे गांव से एक जांबाज सिपाही बॉर्डर पर है हम चाहते हैं कि आने वाले 10 साल में मटका गांव सिपाहियों के नाम पर जाना चाहिए इस तरह से सुनीता मानिकपुरी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद देते हुए आभार प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम में शत्रुघ्न यदु अनिल यदु खूबी राम ध्रुव अंजरदास सुरेंद्र गायकवाड सुरेश साहू संगीता भगत पुनीत राम निर्मलकर सौखिलाल पोर्ते मंजू साहू सुमीना तिवारी तथा गॉव गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर मेरे माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा मे आजादी के अमृत महोत्सव पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे शाला विकास समिति के सदस्य गण ,वार्ड पार्षद रानी सेन शाला के वरिष्ठ व्याख्याता बी.एम. सिंह सर , प्रधान अध्यापक रामेश्वर प्रसाद बंजारे सर द्वारा मातृभूमि का पूजन कर कलश में मिट्टी इकट्ठा की गई।एवं शपथ ली गई। शिक्षिका रेणुका अग्रवाल के मार्गदर्शन में बच्चों के द्वारा विभिन्न राज्यों का परिधान पहन कर हाथ में कलश लेकर रोल प्ले किया गया ।इस अवसर पर समिति सदस्य,शाला के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं व बच्चों के द्वारा शाला परिसर में पौधों का रोपण किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन में देश भक्ति भावना एवं स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना है । कार्यक्रम में चेतन कुमार देवांगन,संतोष यादव,लक्ष्मी पांडे,देवकी साहू ,लक्ष्मीनी साहू,रोहणी साहू, विद्या श्रीवास्तव, प्रेमलता मिश्रा एवं, फरीदा बेगम,रेनू पांडे उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय प्रांगण बेमेतरा में जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान ''स्वच्छता ही सेवा 2023'' के तहत स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण, समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, कर्मचारी एवं पैरालीगल वालिंटियर्स, एल.ए.डी.सी.एस. के अधिवक्तागण द्वारा जिला न्यायालय परिसर की साफ सफाई कर सभी को स्वच्छता हेतु जागरूक रहने प्रेरित किया गया। उक्त स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में पंकज सिन्हा प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मधु तिवारी अपर जिला सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो), उमेश कुमार उपाध्याय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तनुगवेल व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, जसविंदर कौर अजमानी मलिक व्य.न्या.वर्ग-1/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अनिता कोशिमा रावटे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बेमेतरा एवं जिला न्यायालयीन कर्मचारीगण, पैरालीगल वालिंटियस, एल.ए.डी.सी.एस. के अधिवक्तागण उपस्थित थे ।

# युवा बेरोजगार संघ के तत्वावधान में हुआ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



युवा बेरोजगार संघ दल्ली राजहरा के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 26 सितंबर को युवा बेरोजगार संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम जैन भवन चौक में रखा गया था ।कार्यक्रम की शुरुआत सभी युवाओं ने नगर देव राजहरा बाबा मंदिर में दर्शन कर कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर किया और इस आंदोलन का शंखनाद किया। तत्पश्चात नगर देव राजहरा बाबा मंदिर से सभी युवा बाईक रैली के माध्यम से नगर भ्रमण करते हुए राजहरा खदान समूह के माईंस आफिस में पहुंच कर वहां नारेबाजी की तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक खदान आर बी गहरवार से उनके सभागार में युवा बेरोजगार संघ के साथियों ने उनसे अपने ज्ञापन के संबंध में विस्तार से चर्चा की और उन्हें अपना ज्ञापन सौंपा और उनसे आग्रह किया कि इसपर त्वरित कार्यवाही की जाए। इसके बाद युवा बेरोजगार संघ के युवाओं का काफिला वहां से निकल कर नया बाजार होते हुए बस स्टैंड चौक पहुंचा और फिर वहां से एस डी एम राजहरा के कार्यालय पहुंच कर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की और उसके बाद एस डी एम राजहरा सुरेश कुमार साहू को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और ज्ञापन की प्रतिलिपि एस डी एम सुरेश कुमार साहू को भी दिया। ज्ञापन के माध्यम से युवा बेरोजगार संघ ने भिलाई इस्पात संयंत्र के खदान समूह राजहरा खदान समूह के अंतर्गत आने वाले खदानों में राजहरा नगर के युवा बेरोजगारों को नौकरी में प्राथमिकता देने की मांग की। तत्पश्चात युवा बेरोजगार संघ के युवा बाईक रैली से जैन भवन चौक पहुंचे और वहां एक सभा का रूप ले लिया और सभा को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुश्ताक अहमद ने संबोधित किया और अपने सारगर्भित उद्बोधन में सभा को ज्ञापन के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। युवा बेरोजगार संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने बताया कि राजहरा नगर के युवा बेरोजगारों के हितार्थ ज्ञापन सौंपकर जिलाधीश के समक्ष निम्न तथ्यों को रखते हुए यह अपेक्षा किया है कि हमारे ज्ञापन पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर समस्या के निराकरण हेतु समुचित पहल करेंगे। मुश्ताक अहमद ने बताया की आज राजहरा खदान समूह के विभिन्न खदानों में ठेकों के माध्यम से सैकड़ों काम बीएसपी प्रबंधन द्वारा निकाले जा रहे हैं। कुछ क्षेत्र विशेष में बीएसपी प्रबंधन द्वारा निकाले गए ठेकों में यह कहा जाता है कि उक्त कार्य में प्रशासन कलेक्टर/एसडीएम द्वारा खदान के लाल पानी से प्रभावित लोगों की सूची दी गयी है और उन्ही लोगों के लिए यह कार्य निकाला गया है। अतः नगर के अन्य नए बेरोजगारों को काम देना संभव नहीं है। प्रबंधन के उक्त कथन से कई प्रश्न और जटिल समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जो निम्नानुसार हैं । राजहरा के खदानों से निकल रहे अयस्क से न केवल प्रदेश का बल्कि देश का चहुँमुखी विकास हो रहा है।

प्रदेश एवं देश के हो रहे इस क्रमोत्तर विकास में नगर के लोग भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं वे आज अपने बेरोजगार बच्चों को लेकर चिंतित रहते हैं। विभिन्न खदान समूहों में चल रहे विभिन्न ठेकों में इनके बच्चों को कार्य न मिलने से इनके अंदर कुंठा की भावना जागृत हो रही है। प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा समय समय पर ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं अथवा वाशिंदों के लिए विभिन्न योजनाएं लायी जाती हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के सैकड़ों अवसर निर्मित होते हैं। किन्तु यह बहुत ही विडम्बना की बात है कि इन योजनाओं में शहरी क्षेत्रों के युवाओं के लिए कोई जगह नहीं होती है। आज बीएसपी द्वारा जिन क्षेत्रों में खदान संचालित किया जा रहा है वहां भूमि अधिग्रहण के समय निजी क्षेत्रों एवं प्रभावित ग्रामों के लोगों को न केवल मुआवजा दिया गया बल्कि उनके घर वालों/आश्रितों को बीएसपी में नौकरी भी दी गयी थी। हमारी मांग है कि उन्हें बीएसपी में नियमित रूप में नौकरी दी जाए मगर राजहरा के युवाओं को भी रोजगार दिया जावे।

नगर के हम बेरोजगार ग्रामीण यवाओं/ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार मिलने के खिलाफ नहीं हैं किन्तु किसी भी कार्य में समानता का अभाव विद्वेष की भावना पैदा करती है। आज राजहरा, दल्ली, झरनदल्ली, महामाया ,दुलकी खदानों में लाल पानी के नाम पर ग्रामीणों को रोजगार प्रदान करने हेतु राज्य शासन के प्रशासनिक अधिकारी जिस तरह से बीएसपी प्रबंधन पर दवाब डालते हैं और इसमें नगर के कुछ श्रम संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल हैं उससे नगर के युवा बेरोजगारों में राज्य सरकार/राज्य प्रशासन/बीएसपी प्रबंधन के विरुद्ध एक गुस्सा पनप रहा है। इससे पहले की स्थिति विस्फोटक हो और किसी तरह की कानून व्यवस्था की बात आये, नगर के हम सभी बेरोजगार आपसे यही आशा रखते हैं की क्षेत्र के मुखिया होने के नाते आप नगर के बेरोजगारों के लिए भी कुछ सोचें और बीएसपी प्रबंधन द्वारा अथवा शासन द्वारा निकाले जाने वाले किसी भी निविदा में ग्रामीण (लाल-पानी प्रभावित) एवं राजहरा नगर क्षेत्र के बेरोजगारों को बराबर का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। और युवा बेरोजगार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल इस मुद्दे पर आपकी अध्यक्षता में राज्य शासन के अधिकारी, बीएसपी प्रबंधन के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करके समस्या का एक सार्थक हल निकालने हेतु हमेशा तैयार है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग

### // मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/ज.प्र.वि./2023-24/6 दुर्ग, दिनांक : 25/09/2023

नगर पालिक निगम, दुर्ग एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ''अ'' पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 01/06/2020 प्रभावशील के अनुसार दर पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोष्ट के माध्यम से मुहर बंद तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खोलने के समय निविदाकार या उनके प्रतिनिधी के समक्ष निविदा खोली जायेगी। निविदा कार्य हेतु निविदाकार के द्वारा कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने पर ही परीक्षण उपरांत ही निविदा प्रपत्र जारी की जावेगी। आवेदन के साथ जीवित पंजीयन की कापी, जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, पेनकार्ड की कापी विगत वर्ष 2023-24 का ITR (इन्कम टैक्स रिटर्न) की प्रति, संलग्न प्रपत्रों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत् शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 03/10/2023
निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 09/10/2023
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 16/10/2023
निविदा खोलने की तिथि - 17/10/2023 शाम 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रूपये लाख में |
|---|---|---|
| 1 | G.I.Pipe line work in w.no. 27 shiv bajrang mandir, natraj mandir, near patankar house & near chandel house. (parshad nidhi) | रू. 2.40 लाख |

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइड www.municipal corporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**

# एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज की करेगी मॉनिटरिंग मीडिया सेंटर के माध्यम से की जाएगी निगरानी

## कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकार डॉ रवि मित्तल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान समय अधिसूचित करने सहित समस्त प्रचार-प्रसार में उपयोगी आवश्यक सामग्री पर किये जाने वाले व्ययों का मानक दर निर्धारण करने सम्बन्धी चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता के लागू होते ही संपत्ति विरूपण का कार्य किया जाएगा। प्रथम 24 घंटे में सभी शासकीय संपत्तियों में से विरूपण हटाया जाएगा। प्रथम 48 घंटे में सभी सार्वजनिक संपत्तियों से विरूपण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम 72 घंटे में सभी निजी संपत्तियों से विरूपण हटाया जाएगा। आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही 24 ग् 7 कंट्रोल रूम प्रारंभ किया जाएगा। मीडिया सेंटर का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों पर नजर रखेगी। राजनीतिक दल एवं निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों को टेलीविजन चौनल या केबल नेटवर्क पर विज्ञापन जारी करने के पहले निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा। इसके लिए राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित करने के पूर्व जिला स्तरीय समिति से प्रमाणन कराना जरूरी होगा। निर्वाचन के दौरान भ्रामक एवं अनर्गल प्रचार-प्रसार तथा जाति-धर्म के आधार पर प्रकाशन नहीं होना चाहिए। कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या अन्य संस्था, व्यक्ति, मतदान के एक दिवस पहले बिना एमसीएमसी के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा। आदर्श आचार संहित घोषणा के बाद मीडिया सेंटर सक्रियतापूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के संबंध में जानकारी दी। सोशल मीडिया में संदेश, टिप्पणी, फोटो, वीडियो, ब्लाग या सेल्फ एकाउंट, वेबसाईट पर अधिप्रमाणन की आवश्यकता नहीं होगी। सोशल मीडिया विज्ञापन पर किया गया व्यय कंटेंट, इंटरनेट कंपनी को भुगतान चुनाव व्यय में सम्मिलित होगा। ई-पेपर पर राजनीतिक विज्ञापन का अधिप्रमाणन आवश्यक है। आयोग के आदेशानुसार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विज्ञापन में टीवी, चौनल, केबल के साथ रेडियो, एफएम, चौनल, सिनेमाघरों में प्रसारित राजनीतिक विज्ञापनों को भी जोड़ा जाएगा। सोशल मीडिया में शांति भंग करने, सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने, देश के संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत और किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाला कटेन्ट नहीं होना चाहिए। इस दौरान मीडिया प्रमाणन के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय व निर्वाचन आयोग के निर्देश, प्रमाणन के आधार, समिति का अधिकार क्षेत्र, मीडिया प्रमाणन की आवश्यकता, मीडिया निगरानी, पेड न्यूज, फेक न्यूज सहित अन्य विषय पर जानकारी दी गई।

इस अवसर उप निर्वाचन जिला अधिकारी आर पी चौहान, कांग्रेस से अजय गुप्ता, मनमोहन भगत, शस्त्रांशु पाठक, भाजपा से संतोष सिंह, संजीव ओझा, बहुजन समाज पार्टी से मसीस कुमार रोशन, सीपीआईएम से मो. अरशद आलम राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगर पालिका की बड़ी लापरवाही धंसक गया प्रसिद्ध दर्री तालाब किनारा

## पिहरिद बोरवेल की घटना से भी सबक नहीं लिया प्रशासन ने

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com







शहर के प्रसिद्ध आदि शक्ति मां महामाया देवी परिसर में स्थित दर्री तालाब का एक बड़ा किनारा धंसक गया, तथा तालाब के किनारा धसकने के कारण जहां काफी दूर तक नवनिर्मित सीसी रोड भी टूट गई है, तो वहीं जिस तरफतालाब का किनारा टूटा है, वहां से पोस्ट ऑफिस सहित प्रमुख स्थानों के जाने का मुख्य रास्ता है, किंतु विडंबना यह है कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया गया है,तथा मोहल्ले वासियों का कहना है कि उपरोक्त किनारे को टूटे हुए लगभग 15 दिन हो चुके हैं, एवं आने वाले दिनों में नवरात्रि का पर्व प्रारंभ होने वाला है, तथा उपरोक्त मार्ग से भारी भीड़ प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक गुजरती है, किंतु उसके बावजूद न जाने क्यों नगर पालिका प्रशासन आंख मूंदे बैठा है,तथा प्रशासन द्वारा टूटे हुए किनारे के पास सुरक्षात्मक दृष्टि से न हीं कुछ चारदिवारी की गई है, न हीं बेरीकेटिंग की गई है, जिससे रात के समय अंधेरे में भी लोगों के तालाब में गिरने का खतरा बना हुआ है,तो वहीं कभी भी कोई भी दुर्घटना घट सकती है, एवं रात्रि समय लाइट बंद होने पर भी अंधेरे में बच्चे भी उक्त मार्ग से गुजरते समय अप्रिय घटना का शिकार हो सकते हैं।

# बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के केवट निषाद समाज का रमेश केवट अध्यक्ष निर्वाचित हुए

पायनियर संवाददाता ‹ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com







केवट निषाद समाज बिलाईगढ़ परिछेत्र का चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुआ। ज्ञात हो की बिलाई गढ़ परिक्षेत्र के अंतर्गत 59 गांव आते है। केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के तत्वाधान में बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारी का चुनाव रविवार की संपन्न हुवा जिसमे अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रमेश केवट 66 वोट से विजयी हुए वही पूर्व अध्यक्ष जिधनलाल केवट पराजित हुए सचिव पद हेतु कुल चार प्रत्याशी थे। जिसमे कन्हैया लाल केवट 52 वोट पाकर विजयी हुए कोषाध्यक्ष पद के लिए सियाराम केवट मल्दी निवासी निर्विरोध विजयी हुए। शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए केंद्रीय समिति शिवरीनारायण से सर्वराकार खोलबहरा केवट, अध्यक्ष रामेश्वर केवट, उपाध्यक्ष धनेश केवट, जयप्रकाश केवट, बहरता राम केवट, प्रकाश, परमेश्वर, ईश्वर, चिंताराम केवट पुरुषोत्तम केवट, मनहरण केवट, सहित चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र जलतारे, बसंत कैवर्त्य, लाभों केवट, मनशा कैवर्त्य, बलदेव कैवर्त्य सहित अनेक समाजसेवी यो निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराया वही नई जिम्मेदारी मिलने के बाद नव नियुक्त अध्यक्ष, रमेश केवट सचिव कन्हैया लाल केवट, कोषाध्यक्ष सियाराम केवट ने सभी सहयोगी का आभार जताया और सबको साथ लेकर समाज की सर्वांगीण विकास की बात कही।

# मोव्ही एक्ट के तहत 7 बाइकर्स पर पुलिस ने करी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा शहरी क्षेत्र में स्टंटबाजी कर आम लोगों के लिए संकट की स्थिति पैदा करने के आरोप में 7 बाइकर्स पर सिटी कोतवाली पुलिस ने उनके विरूद्ध मोव्ही एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र में इन दिनों लगातार हो रहे छोटे-बड़े सडक़ हादसों पर अंकुश लगाने के लिए सिटी कोतवाल रूपक शर्मा ने रात्री समय सुनालिया चौक एवं सुनालिया-राताखार मार्ग, सुनालिया नहर रोड, स्टेशन मार्ग, मुरारका पेट्रोल पंप, पावर हाउस रोड में नशे की हालत में, तीन सवारी वाहन चलाने एवं स्टंटबाजी करने वाले बाइकर्स पर अंकुश लगाने के लिए कोतवाली के एएसआई द्वय अजय सिंह एवं टंकेश्वर यादव के नेतृत्व में आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, सुनील सिंह राजपूत, भरत यादव व हमराह स्टाफ का एक दल को कैंप लगाकर कार्रवाई करने आदेश दिया। कोतवाली के उपरोक्त पुलिस टीम ने तीन सवारी, बगैर कागजात तथा स्टंटबाजी करते हुए वाहन चलाने वाल 7 बाइकर्स को मौके पर धर दबोचा। पकड़े गए सभी वाहनों को कोतवाली परिसर में लाकर खड़ा किया गया। इनके विरूद्ध मोव्ही एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे 2900 रुपए जुर्माना राशि वसूल की गयी।

# नेत्रदान का संकल्प हर व्यक्ति को लेना चाहिए : डॉ.तम्बोली



पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

डीपी कॉलेज के तीन प्रोफेसर एवं एक स्वयं सेवक ने नेत्र दान का संकल्प लेते हुए अन्य लोगों को प्रेरणा दी है। सक्षम संस्था द्वारा डी पी विप्र महाविद्यालय के प्रो .डॉक्टर एम. एस.तंबोली, डॉक्टर किरण दुबे,प्रो. यूपेश कुमार,वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहित साहू द्वारा नेत्रदान करने का संकल्प लिया।जीते जी रक्तदान जाते जाते नेत्रदान के संकल्प को चरितार्थ करते हुए पूर्व कार्यक्रम अधिकारी रेखा गुल्ला के संस्था के माध्यम से डी पी विप्र कॉलेज के डॉक्टर एम एस तंबोली, डॉक्टर किरण दुबे, प्रो यूपेश कुमार,मोहित साहू इन चारो से संकल्प पत्र भरवाया। नेत्र दान के प्रति लोगों में जो भ्रांतियां थी उन पर डा तंबोली ने विस्तार से बताया। नेत्र दान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने में यह महत्त्वपूर्ण कदम है। ताकि नेत्रहीनों की दुनिया रोशन हो सके। नेत्र दान करने पर चेयरमैन अनुराग शुक्ला, प्राचार्य डॉक्टर अंजू शुक्ला, डॉक्टर मनीष तिवारी, अविनाश सेठी, डॉक्टर विवेक अंबलकर, प्रो निधिश चौबे द्वारा नेत्र दान की घोषणा करने पर शुभकामनाएं दी है।

# कांग्रेस नेता घनश्याम पांडेय बनाए गए कांग्रेस के जैजैपुर विधानसभा प्रभारी

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी कुमारी शैलजा के अनुमोदन एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की स्वीकृति से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री प्रशासनिक एवं संगठन मलकीत सिंह बैदू ने एक आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की सभी 11 लोकसभा क्षेत्र, जिला प्रभारी एवं 90 विधानसभा प्रभारीयो की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं,जिसमें शक्ति जिले की जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के नए प्रभारी के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव घनश्याम पांडेय शक्ति को जिम्मेदारी दी गई है,घनश्याम पांडेय की इस नियुक्ति पर कांग्रेस जनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके कुशल मार्गदर्शन में जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूती मिलने तथा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भी सफ्लता मिलने की बात कही है, शक्ति विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता मनोज जायसवाल, अधिवक्ता पियूष राय ने कहा है कि घनश्याम पांडेय की इस नियुक्ति से जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को एक नई ऊर्जा मिलेगी एवं वर्तमान में कांग्रेस का विधायक नहीं होने से जो कमी है उसे भी उनके कुशल नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट कर विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस सफलता प्राप्त करेगी, वहीं घनश्याम पांडेय ने भी अपनी इस नियुक्ति पर कांग्रेस के नेताओं का आभार व्यक्त किया है तथा कहा है कि उन्हें जो जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी ने दी है वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे।

# बिजली, सड़क, पानी जैसे मूलसुविधा नहीं मिली तो चुनाव का करेंगे बहिष्कार-पहाड़ी कोरवा

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com




कोरबा जिले में एक ऐसा क्षेत्र भी हैं जहाँ आजादी के इतने साल बाद भी विकास नहीं हो पाया हैं। कोरबा मुख्यालय से महज 25 किलोमीटर की दूर पंचायत केराकच्छार अंतर्गत पहाड़ी कोरवा जनजाति नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहाँ न तो बिजली, न पानी, न सड़क और न तो रहने के लिए प्रधानमंत्री आवास हैं। मूलभूत सुविधाएं भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही। पहाड़ी कोरवा परिवार ने बताया कि गांव बगधरीडांड, सरहीड, खोरीमौना, ढाबाडांड एवं लालमाटी मोहल्ला में बिजली न होने से रात होते ही अंधेरा छा जाता है। हाथी, भालू जैसे खतरनाक जंगली जानवर का खतरा बना होता है, कई बार पहाड़ी कोरबा परिवार के लोग जंगली जानवर का शिकार भी हो चुके हैं। समस्या को देखते हुए सरपंच, सचिव एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। उसके बावजूद भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया। दर्जनों पहाड़ी कोरवा परिवार जिला कलेक्टर पहुंच अपने मूल सुविधा की समस्याओं को लेकर शिकायत की पहाड़ी कोरवा परिवार ने की। उन्होंने कहा की सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिलती है तो हम सब मिलकर चुनाव का बहिष्कार करने को मजबूर रहेंगे। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष पिछड़ी पहाड़ी कोरवा जनजाति के उत्थान के नाम पर कई योजनाएं बनती हैं। बदहाल व्यवस्था के साथ नगर पंचायत केराकच्छर के वार्ड 10 के पहाड़ी कोरवाओं के साथ अन्य लोग बदहाल जीवन जीने को मजबूर हैं। कोरवा बस्ती के कई परिवारों को आवास का लाभ भी नहीं मिला। बताया जा रहा हैं की आज तक यहां पहाड़ी कोरवाओं समेत अन्य वर्ग को भी प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं हुआ है।

# तहसीलदार से मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाला आरोपी को जांजगीर पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



तहसीलदार से मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाला आरोपी को जांजगीर पुलिस ने किया गिरफ्तार। बजरंग साहू तहसीलदार जांजगीर ने थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया प्रार्थी के द्वारा कार्यालय में पदस्थ आरोपी आशीष कुमार मालू को दिए गए कार्य के संबंध में पूछताछ कर बिना किसी सुचना के अनुपस्थित रहने के बारे में बोले तो आशीष मालू के द्वारा ऊंची आवाज में गाली गलौच करते टर्मीनेट कर दो कहने लगा तब प्रार्थी तहसीलदार के द्वारा अशीष मालू का कार्य आबंटन आदेश जारी करने का आदेश देकर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग बैठक में शामिल होने चले गए कुछ देर बाद आरोपी आशीष कुमार मालू कक्ष में आकार ऊंची आवाज में जान से मारने की धमकी देते हुए पानी के बॉटल से फेंक कर मारा और बाहर चला गया प्रार्थी कुछ समझ पाता उतने मे फिर आरोपी आशीष कक्ष अंदर आकार हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुंचाया है प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी आशीष कुमार मालू उम्र 30 साल निवासी ब्लाक कालोनी जांजगीर को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर घटना घटित करना स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, उपनिरीक्षक राजेश साह एवं सायबर टीम जांजगीर का सराहनीय योगदान रहा।

## अस्थायी फटाखा अनुज्ञप्ति नवीनीकरण हेतु आवेदन 3 तक आमंत्रित

**शिवरीनारायण।** अनुविभागीय दंडाधिकारी जांजगीर ने जांजगीर अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले तहसील जांजगीर, नवागढ़ एवं शिवरीनारायण के अंतर्गत अस्थायी फटाखा अनुज्ञप्तिधारियों से दीपावली त्यौहार 2023 हेतु अस्थायी फटाखा अनुज्ञप्ति नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र निर्धारित शपथ-पत्र, चालान की मूल प्रति एवं जारी अस्थायी फटाखा अनुज्ञप्ति की मूल प्रति सहित आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर के कार्यालय में दिनांक 3 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। निर्धारित समयावधि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेगे।



## गणेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है

**शिवरीनारायण।** टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में गणेशोत्सव को हर वर्ष बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है इस वर्ष भी गणेश उत्सव को लेकर नगर मे काफी उत्साह है और श्रध्दालूओं व्दारा 19 सितम्बर को अपने-अपने घरों मे विध्नहर्ता गणेश जी को विराजित कर पूज अर्चना कर रहे हैं। गणेश जी को देवों मे प्रथम पूज्य तथा विध्नहर्ता माना जाता है, इसीलिए श्रध्दालू अपने अपने घर मे गणेश जी की मूर्ति विराजित कर विधि- विधान से पूजा अर्चना कर हैं।

## निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को बेहतर स्कूल एवं वातावरण मिल सके

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत कार्यो का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज बलौदा विकासखंड के ग्राम कुलीपोटा, दर्राभाठा, बसंतपुर, मड़वा और करमंदा में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ शासन की कल्याणकारी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत सभी शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों की भवनों की रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य एवं अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्राम कुलीपोटा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चल रहे मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत किये जा अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को बेहतर स्कूल एवं वातावरण मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न विद्यालयों के मरम्मत,. जीर्णोद्धार, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता उच्च स्तर की हो, किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाना है। उन्होंने बसंतपुर में प्रगतिरत निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में कलेक्टर ने दर्राभाठा, मड़वा और करमंदा के स्कूलों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को 30 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विद्यालय भवनो के साथ सभी शाला भवनो को एक ही कलर के गोबर पैंट से पैंट करने हेतु संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया है। उन्होंने स्कूलों में बैठक व्यवस्था, साफ -सफाई, शौचालय, पेयजल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी विभाग एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# विसर्जन के दौरान नदी में बहे बालक का मिला शव

## गोताखोरों की टीम ने जिंदल स्टाप डेम के पास किया बरामद

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सोमवार की शाम गणेश विसर्जन में गए एक 9 साल के मासूम बालक की केलो नदी के तेज बहाव में डूबने से मौत हो गई। गोताखोरों एवं पुलिस की टीम ने मंगलवार की दोपहर मासूम का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर के जूटमिल थाना क्षेत्र के सार्वजनिक गणेश उत्सव कार्नर वाली युवा समिति के सदस्यों ने सोमवार की शाम गाजेबाजे के साथ मूर्ति विसर्जन के लिये निकली। जहां केलो नदी के कयाघाट में मूर्ति का विसर्जन किया जा रहा था इसी दौरान मोहल्ले का ही एक 9 साल का मासूम बालक नदी में उतरा था। बालक को नदी के गहराई का अंदाजा नही था लिहाजा पानी के तेज बहाव में अचानक मासूम लापता हो गया। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा पानी में डूबे युवक को ढूंढने का काफी प्रयास किया गया परंतु अंधेरा होनें की वजह से कल देर रात तक उसका कोई पता नही चल सका था। मंगलवार की सुबह जूटमिल एवं चक्रधर नगर पुलिस टीम के अलावा गोताखोरों की एक टीम केलो नदी में डूबे युवक की पतासाजी में फिर से जुटी हुई थी।

# राष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में इंदौर में आयोजित हुआ इंडियन स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव-2023

## रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के बी.पी. पुजारी स्कूल व नालंदा प्रोजेक्ट को मिला अवार्ड



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामय उपस्थिति में आज इंदौर में आयोजित आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के इंडियन स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव-2023 में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के स्वामी बी.पी. पुजारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रोजेक्ट को सामाजिक सरोकार की श्रेणी में एवं डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डेय नालंदा परिसर योजना को उत्कृष्ट नवाचार श्रेणी में सम्मानित किया गया है। सात वर्षों में यह पहला अवसर है, जब रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रोजेक्ट को प्रतिष्ठित इंडियन स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव अवार्ड में सम्मानित किया गया है। इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस भव्य स्मार्ट सिटी प्रदर्शनी में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी के हाथों रायपुर के महापौर एजाज़ ढेबर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल कुमार, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी, स्मार्ट सिटी मिशन के डायरेक्टर कुणाल कुमार भी इस दौरान साथ थे। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक मयंक चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी टीम को बधाई दी है। ज्ञात हो विगत दिनों आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड के अंतर्गत देशभर के स्मार्ट सिटीज़ के प्रोजेक्ट को विभिन्न श्रेणियों में चयनित किया गया था, जिसमें रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के नालंदा परिसर व बी.पी. पुजारी स्कूल को बेस्ट इनोवेटिव आइडिया अवार्ड व सामाजिक दृष्टिकोण से उत्कृष्ट श्रेणी पर देश के शीर्ष तीन शहरों में स्थान प्राप्त हुआ था। इन विभिन्न श्रेणियों में चयनित शहरों को अवार्ड से सम्मानित करने व नवाचारों के आदान-प्रदान हेतु 26 एवं 27 सितंबर को इंदौर में इंडियन स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन किया गया। इस दौरान मध्य प्रदेश के शहरी विकास मंत्री भूपेन्द्र सिंह एवं इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी समारोह में सम्मिलित हुए। महामहिम राष्ट्रपति ने इस दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी सहित सभी चयनित शहरों के नवाचारों के मॉडल की प्रदर्शनी का भी अवलोकन भ्रमण किया। महामहिम राष्ट्रपति व आगंतुक अतिथियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे युवाओं के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रोजेक्ट डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डेय नालंदा परिसर में 24ङ्ग7 अध्ययन की विश्व स्तरीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली व इस प्रोजेक्ट की सराहना की। इसी तरह उत्कृष्ट विद्यालय के तौर पर तैयार किए गए बी.पी. पुजारी स्कूल भवन में उपलब्ध स्मार्ट क्लास रूम, खेल, लाइब्रेरी आदि की सुविधाओं के संबंध में भी सभी ने जानकारी प्राप्त की। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा इस पुराने स्कूल भवन का जीर्णोद्धार कर नया कलेवर दिया गया है।

# रायपुर दक्षिण वासियों को मिला श्रम संसाधन केंद्र की सौगात : सुशील सन्नी अग्रवाल



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67, रायपुर दक्षिण विधानसभा में रायपुर शहर के प्रथम मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्र का उद्घाटन सुशील सनी अग्रवाल जी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की मुख्य अतिथि में शुभारंभ हुआ। इस बहुत ही गरिमामय कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में गिरीश दुबे जी अध्यक्ष शहर जिला कांग्रेस कमेटी, श्रीमती सुनीता शर्मा जी महिला जिला अध्यक्ष, रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत ठेंगड़ी नवीन चंद्राकर सचिन शर्मा, पार्षद एवं एम आई सी समीर अख्तर, जोन अध्यक्ष मन्नू यादव, निशा देवेंद्र यादव, पार्षद वीरेंद्र देवांगन, नीलम नीलकंठ जगत, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे साथ ही आशुतोष शर्मा, श्रीमती आशा सोनी, नरेंद्र ठाकुर, कमलेश नत्थानी, श्रीमती सिद्धि ठाकुर,रेखा जोशी, छविराम वर्मा, लीला वैष्णव, शंकर सेन, सलीम खान, मोहन साहू, आवेश खान, सुरेश मसीह, गुलाब यादव, आलोक सोनी फनेश निषाद, नारायण देवांगन, प्रीति सारथी, पूजा साहू, लता देवांगन, मानसी शर्मा, श्रम विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवम काफी संख्या में वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे क्षेत्रीय श्रम संसाधन केंद्र खोलने पर भक्त माता कर्मा वार्ड के पार्षद उत्तम साहू जी ने हर्ष व्याप्त करते हुए सभी वार्ड वासियों की तरफ से अग्रवाल आभार व्यक्त करते हुए रायपुर दक्षिण विधानसभा के सभी वार्ड वासियों को बधाई दिए। इस अवसर अग्रवाल ने कहा की माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के योजना अनुरूप प्रदेश के श्रमिक साथियों को पंजीयन एवं योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द मिल सके इसलिए श्रम संसाधन केंद्र को खोला गया है। निश्चित ही यहां श्रम संसाधन केंद्र खुलने से चांगोराभाटा वार्ड ही नहीं अपितु आसपास के निवासियों को भी इसका लाभ मिलेगा। मेरा सभी श्रमिक साथियों से निवेदन हैं अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएं और योजनाओं का लाभ उठाएं।

# युवाओं को रिज्यूम मेकिंग, लेखन शैली, इंटरव्यू एवं प्रस्तुतिकरण जैसे विभिन्न सॉफ्ट स्किल्स की दी गई ट्रेनिंग



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के युवाओं को रोजगार पाने में मददगार कम्युनिकेशन और सॉफ्ट स्किल की ट्रेनिंग देने के लिए 4 सेशन में रोजगार कौशल और सॉफ्ट स्किल वर्कशॉप का आयोजन शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय में किया गया। वर्कशॉप के 4 सेशन 5, 12, 15 और 27 सितंबर को आयोजित किया गया। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को रोजगार की बेहतर तैयारी के लिए रिज्यूम बनाने के तरीके, लेखन शैली बेहतर करने एवं इंटरव्यू में बेहतर प्रस्तुतीकरण के विभिन्न तरीके बताए गए। विद्यार्थियों ने चारों सेशन में मौजूद होकर बड़ी तन्मयता और उत्सुकता के साथ वर्कशॉप में बताए गए बातों को सिखा। वर्कशॉप के आखिरी सेशन में आज कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने शामिल होकर विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल्स बेहतर करने के टिप्स दिए। साथ ही वर्कशॉप पूर्ण करने पर विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से 4 सेशन में आयोजित वर्कशॉप में सीखें बातों का फीडबैक लिया। छात्र-छात्राओं ने उत्सुकता के साथ कलेक्टर के साथ वार्तालाप किया। विद्यार्थियों ने वर्कशॉप में सिखाए गए स्किल को बेहतर रोजगार प्राप्त करने में उपयोगी बताया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन और सॉफ्ट स्किल्स बेहतर करके अच्छे रोजगार के अवसर प्राप्त करने के गुण बता कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके तलवारे, एपीओ लाईवलीहुड कॉलेज श्रीमती सृष्टि शर्मा मौजूद रहे। 4 सेशन में आयोजित वर्कशॉप में पीएचई के कार्यपालन अभियंता श्री पंकज जैन और ट्रेनर सुश्री मोनिका ने क्लास लेकर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के सॉफ्ट स्किल के गुर सिखाए।

रोजगार कौशल और सॉफ्ट स्किल वर्कशॉप के तहत कॉलेज के विद्यार्थियों को रोजगार में सहायक बोलने, ज्ञान एवं व्यवहार के अच्छे और सहयोगी गुणों के बारे में बताया गया। साथ ही इस प्रकार के स्किल के विकास से बेहतर रोजगार पाने की संभावनाओं के बारे में भी बताया गया। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने वर्कशॉप में शामिल होकर युवाओं को करियर निर्माण और आसानी से रोजगार पाने में सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रोजगार में मददगार कम्युनिकेशन स्किल्स बेहतर करने के टिप्स दिए। वर्कशॉप में रोजगार में मददगार स्किल तथा 21वीं सदी के प्रोफेशनल में रोजगार पाने के लिए होने वाले जरूरी गुना की ट्रेनिंग दी गई। साथ ही युवाओं को करियर विकास और लक्ष्य निर्धारण के बारे में भी बताया गया। वर्कशॉप में वर्बल, नॉन वर्बल संचार के तरीकों के बारे में युवाओं को बताया गया।

# एनएमडीसी में किया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 अभियान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सार्वजनिक क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी एनएमडीसी ने अपने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 अभियान के हिस्से के रूप में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी, बी विश्वनाथ (आईआरएसएस) ने किया, जिन्होंने निष्पक्ष, नैतिक और सतत विकास प्राप्त करने में केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

प्रतिभागियों से बात करते हुए, बी विश्वनाथ ने कहा, वीएडब्ल्यू 2023 सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारियों से जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने में नई प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने का आग्रह करता है।÷ इसके बाद उन्होंने एनएमडीसी के कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इन विकासों को जल्दी अपनाएं क्योंकि घरेलू लौह और इस्पात उद्योग अब परिपक्व हो रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को बीडीएल और मिधानी के सीवीओ डॉ. उपेंद्र वेनम के साथ ÷जांच अधिकारी और प्रस्तुतकर्ता अधिकारी÷ पर एक संवाद सत्र के साथ हुई। उन्होंने संविधान और डीओपीटी नियमों के सुसंगत प्रावधानों पर जोर देते हुए जांच अधिकारी और प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के दायित्वों का वर्णन करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। अनीता बारिक, उप-सीवीओ, दक्षिण मध्य रेलवे ने दिन के अगले सत्र का संचालन किया। उन्होंने निवारक सतर्कता की आवश्यकता की जानकारी दी और वास्तविक दुनिया के उदाहरण देते हुए इन नियमों को कार्रवाई में लागू करके सतर्क और कुशल कार्य संस्कृतियों के निर्माण की दिशा में एक व्यावहारिक दृष्टिकोण की अनुशंसा की। मंगलवार को वित्त मंत्रालय, डीओई के निदेशक (खरीद नीति प्रभाग), कंवलप्रीत ने सार्वजनिक खरीद के आवश्यक सिद्धांतों पर प्रतिभागियों को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने भारत सरकार की 'विवाद से विश्वास' योजना का वर्णन करते हुए संचार के दस्तावेजीकरण और रिकॉर्ड रखने के महत्व पर विस्तार से बताया। अगले सत्र के दौरान, सुशील डागा, एमिकस लीगल और विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के विजिटिंग फैकल्टी ने 'मध्यस्थता और सुलह अधिनियम' पर चर्चा की। उन्होंने इसके संशोधनों के पीछे के तर्क पर बात की और संविदा अधिनियम और अन्य संबंधित विधियों के प्रासंगिक खंडों की व्याख्या की। एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) अमिताभ मुखर्जी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से कर्मचारियों के लिए इन क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को तैयार करने में कंपनी के सतर्कता विभाग के प्रयासों की सराहना की। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा, ÷मैं सभी को अपने कार्य की जिम्मेवारी लेने, अपने कौशल को बढाने के लिए प्रोत्साहित करता हूं और यह सुनिश्चित किया जाए कि हमारे निर्णय लेने की प्रक्रिया सुविचारित और जवाबदेह है।

# साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की हुई गोष्ठी




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की सितंबर माह की गोष्ठी 17/9/23 को वृंदावन हॉल में आयोजित कि गई, नीता श्रीवास्तव द्वारा संस्थागत परिचय पश्चात माँ सरस्वती व स्व शांति यदु के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, लतिका भावे, चंद्रकांता अग्रवाल, मंजु यदु ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वीणापाणि की मधुर वंदना सरोज दुबे द्वारा प्रस्तुत की गई, मासिक प्रतिवेदन का पठन मीना शर्मा ने किया। बेहतरीन पंक्तियों के साथ अनिल श्रीवास्तव ने संचालन कर रचनाकारों को आमंत्रित किया। डॉ. मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, रूपेंद्र राज तिवारी, आशामानव, डॉ. चितरंजन कर, माधुरी कर, के पी सक्सेना, साधना सक्सेना, चंद्रकांता अग्रवाल, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु, अंजु यदु, दिनेश गौतम, शशि दुबे, शशि मिश्रा, नीलिमा मिश्रा, सरोज दुबे, प्रज्ञा त्रिवेदी,नीता श्रीवास्तव, मीना शर्मा, अनिल श्रीवास्तव आदि समस्त रचनाकारों ने अपनी कृतियों से तालियाँ बटोरी वही साधना सक्सेना ने गीत प्रेषित किया, अंत में ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने आभार ज्ञापित किया।

# किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स ने फ्लेक्सी-फ्यूल और ऑप्टिप्राइम की सबसे बड़ी श्रृंखला लॉन्च की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बिजली उत्पादन के उद्योग में अग्रणी, किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स, (केओईएल) ने अपने सीपीसीबी IV+ कॉम्प्लाएंट जेनसेट्स की नई श्रृंखला को लॉन्च किया है। उच्च प्रदर्शन वाले, ईंधन के मामले में किफायती और पर्यावरण के लिये जिम्मेदार समाधानों की आपूर्ति पर केन्द्रित, यह नये जेनसेट केन्द्री य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा निर्धारत उत्सर्जन के सबसे नये नियमों को पूरा करते हैं। यह जेनसेट्स रूप से बिजली उत्पादन करने और पर्यावरण के प्रबंधन में किर्लोस्कर की प्रतिबद्धता दिखाते हैं। इन्हें विभिन्नि क्षेत्रों में बिजली की तरह-तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये डिजाइन किया गया है। इस प्रकार सुनिश्चित होता है कि व्यवसायों और समुदायों की पहुँच अधिक विश्व सनीय, शुद्ध एवं बेहतर बिजली तक हो। किर्लोस्कर के जेनसेट डीजल, प्राकृतिक गैस, बायोगैस, आदि समेत ईंधन के कई विकल्पों पर शानदार ढंग से चलने के लिये बनाये गये हैं और उपभोक्ताओं को बेजोड़ लचीलापन देते हैं। इसलिए, तरह-तरह के ईंधनों द्वारा चल सकने वाले जेनसेट की पेशकश के साथ किर्लोस्कर का लक्ष्य व्य वसायों एवं उद्योगों को उनकी आवश्यकताओं, जगह और उपलब्धता के आधार पर ईंधन का सबसे उपयुक्तय स्रोत चुनने के लिये सशक्तय करना है। यह पहल संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिये ब्राण्डक की प्रतिबद्धता का समर्थन करती है और पर्यावरण के अनुकूल तथा ऊर्जा के मामले में ज्याकदा विविधतापूर्ण भविष्यत में योगदान देती है।

# कलिंगा विश्वविद्यालय करने जा रहा है साइंस वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता 2.0 का आयोजन




कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर मध्य भारत में उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में उभरा है। नई रायपुर के स्मार्ट सिटी में स्थित, इस विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने लिए एक जगह बनानी शुरू कर दी है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षितिज पर एक चमकते सितारे के रूप में उभर रहा है। 2013 में स्थापित यह विश्वविद्यालय 12000 से अधिक छात्रों का विश्वास जीतने में सक्षम रहा है। पूरे देश और अफगानिस्तान, अंगोला, बांग्लादेश, कैमरून, गाम्बिया, आइवरी कोस्ट, केन्या, लेसोथो, लाइबेरिया, मलावी, नामीबिया, नेपाल, नाइजीरिया, पापुआ न्यू गिनी, दक्षिण सूडान, स्वाजीलैंड, तंजानिया, युगांडा, ज़ाम्बिया और ज़िम्बाब्वे आदि देशों के छात्रों ने अपनी शिक्षा और करियर के लिए इस विश्वविद्यालय को चुना है। वर्तमान में, विश्वविद्यालय कला और मानविकी, जैव प्रौद्योगिकी, वाणिज्य और प्रबंधन, यूएक्स डिजाइन, इंजीनियरिंग, फैशन डिजाइन, सूचना प्रौद्योगिकी, इंटीरियर डिजाइन, पत्रकारिता और जनसंचार, कानून, पुस्तकालय जैसे यूजी और पीजी कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले विभिन्न स्कूलों के माध्यम से छात्र समुदाय की सेवा कर रहा है। विज्ञान, फार्मेसी, विज्ञान, शिक्षा और योग। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में डॉक्टरेट अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए एक केंद्र भी है। विज्ञान संकाय, कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए साइंस वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता 2.0 एक इंटर-स्कूल प्रतियोगिता÷ आयोजित करने जा रहा है।

# न्युवोको को प्रोजेक्ट तारा के लिए बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनी, क्षमता के मामले में, ने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एक और उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी को नई दिल्ली में यूबीएस फोरम द्वारा आयोजित आठवाँ एडीशन कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी समिट एंड अवॉर्ड्स में प्रतिष्ठित बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरूस्कार प्रोजेक्ट तारा-टेक्नोलॉजी एडेड रिर्सोसेज एट आंगनबाड़ी (आंगनबाड़ियों में प्रौद्योगिकी सहायता प्राप्त संसाधन), के माध्यम से समाज में न्युवोको के उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है, जिसे स्वस्थ भारत- बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट श्रेणी में नामांकित किया गया था। इस परिवर्तनकारी पहल को आंगनबाड़ियों द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य और बाल विकास सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ रूपांकित किया गया था, जो ग्रामीण भारत में महत्वपूर्ण सामुदायिक केंद्र के रूप में काम करते हैं। प्रोजेक्ट तारा का उन समुदायों पर गहरा प्रभाव पड़ा है, इसके विभिन्न प्रयासों से 1,200 से अधिक महिलाओं और 2,000 किशोरियों को लाभ हुआ है। परियोजना की सफलता का श्रेय इसके बहुआयामी दृष्टिकोण को दिया जा सकता है, जिसमें एडवांस्ड टेक्नोलॉजिकल (उन्नत तकनीकी) संसाधनों का प्रावधान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण और सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम शामिल हैं।

# शिवोम् संगीत एवं नृत्य महाविद्यालय का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

शिवोम् विद्यापीठ संस्था छात्रों के हित में विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। उसी क्रम में संस्था ने एक गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है, जिसमें शिवोम् विद्यापीठ संस्था को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से नृत्य एवं संगीत महाविद्यालय की संबद्धता प्राप्त हुई है। जो कि एक अत्यंत हर्ष का विषय है। जिसमें प्रथमा एवं मध्यमा पाठ्यक्रम में कथक, गायन और तबला शामिल है एवं विद् पाठ्यक्रम में कथक तथा गीतांजलि पाठ्यक्रम जूनियर एवं सीनियर है। स्कूल के चेयरमैन श्री अवधेश शर्मा जी ने बताया कि नृत्य एवं संगीत ईश्वर की साधना का एक अनमोल माध्यम है। भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर लाने के लिए अभिभावक अपने बच्चों को यह कलाएँ जरूर सीखने का अवसर दें ताकि वे नृत्य व संगीत की बारीकियाँ सीख सके। इस विषय में चर्चा करते हुए शिवोम् विद्यापीठ संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री प्रणव शर्मा सर ने बताया कि महाविद्यालय में एडमिशन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है जिसमें बच्चे अपने रुझान के अनुसार एडमिशन ले सकते हैं।


**ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-4 क) (नियम 8(6))**

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय :– "प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001" के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल – एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल – एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह– कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सांकेतिक कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. टेक्नोड्रिलर्स, 2. श्री उत्सव जैन, 3. श्री वीणा जैन और 4. श्री उत्कर्ष जैन (प्रॉस्पेक्ट नंबर 724402, 826646 एवं 963401 एवं 948598) | 30–04–2022/ 05–05–2022 रू. 2,96,04,802/– (रूपए दो करोड़ छियानवे लाख चार हजार आठ सौ दो मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति खसरा नंबर 196/5(बी), क्षेत्रफल परिमाप 0.071 हेक्टेयर (7642 वर्ग फीट) स्थित ग्राम तेलीबंधा, पीएच नंबर 113/44, आरआईसी रायपुर–I, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ | 08–07–2023 | रू. 2,70,00,000/– (रूपए दो करोड़ सत्तर लाख मात्र) |
| | बोली वृद्धि राशि | | 01–09–2023 तक कुल बकाया राशि | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
| | रू. 2,50,000/– (रूपए दो लाख पचास हजार मात्र) | | रू. 1,84,00,409/– (रूपए एक करोड़ चौरासी लाख चार सौ नौ मात्र) | रू. 27,00,000/– (रूपए सत्ताईस लाख मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 18–10–2023 1100 बजे–1400 बजे | 20–10–2023 अप. 5 बजे तक | 23–10–2023 1100 बजे–1300 बजे |

भुगतान की विधि : ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से करने होंगे। भुगतान करने के लिए आप https://www.iiflonehome.com पर जाएं और केवल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करें। नोट : हर सम्पत्ति के लिए एक अलग भुगतान लिंक है। आप सुनिश्चित करें कि आप उस सम्पत्ति का लिंक उपयोग कर रहे हैं, जिसको आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष भुगतान के लिए, सफल बोली के बाद, आपको भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से करना होगा। खाता विवरण निम्नानुसार है : क) खाते का नाम : आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड ख) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक लिमिटेड, ग) खाता नंबर : 9902879 प्रॉस्पेक्ट नंबर द्वारा अनुसरित, घ) आईएफएससी कोड :– एससीबीएल0036001 ज) बैंक पता : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुम्बई–400001

नियम और शर्तें :–
1. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
6. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई–नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई–मेल आईडी : auction.hl@iifl.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : /7291981124/25/26 पर सम्पर्क करें।
7. किसी सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति निरीक्षण और ऑनलाइन बिड इत्यादि के संबंध में पूछताछ के लिए आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर सोमवार से शुक्रवार के बीच 09.30 बजे से 18.00 बजे तक कॉल करें अथवा ई–मेल : auction.hl@iifl.com को मेल लिखें।
8. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
9. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
10. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
11. एओ का बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा ।

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 9 (1) के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस**

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

स्थान : रायपुर तिथि : 28–09–2023 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड


समस्त प्रदेशवासियों को
जश्न-ए
ईद-मिलादुन्नबी
की दिली मुबारकबाद
मोहम्मद असलम खान
अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी
sumit

**फौलादी इरादा, वादे से ज्यादा**

**उच्च शिक्षा की नई उड़ान**

71 सरकारी कॉलेज, 4 मेडिकल कॉलेज, 4 संगीत, 19 कृषि-उद्यानिकी वानिकी, खाद्य प्रौद्योगिकी एवं 10 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सांकरा पाटन एवं शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़



# भरोसे की सरकार


## सेवा-जतन-सरोकार




### कदम-दर-कदम

- राज्यव्यापी भाषाई सर्वे करने वाला देश का पहला राज्य छत्तीसगढ़
- प्रारंभिक कक्षा के लिए 20 भाषा-बोलियों में पुस्तकें
- आंगनवाड़ियों में बालवाड़ियों की संख्या 9,491
- नि:शक्त बच्चों को डिजिटल शिक्षा के अंतर्गत आई.सी.टी. से जोड़ने का अभिनव प्रयास
- नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 3 लाख 80 हजार 122 विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों में प्रवेश
- सरकारी स्कूलों में नामांकन के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य देश में सातवें स्थान पर
- बस्तर जिले के 200 प्राथमिक स्कूलों में मातृ भाषा में शिक्षा के लिए कहानी उत्सव
- छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना के तहत, ऐसे बच्चे जिनके परिवार से कमाने वाले माता या पिता अथवा दोनों की मृत्यु कोविड-19 से हुई हो, वर्ष 2022-23 में 6 हजार 592 विद्यार्थियों को 900 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति
- मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के तहत एससी/एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों को 15 हजार एकमुश्त प्रोत्साहन राशि
- नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 53.58 लाख छात्र-छात्राओं को पुस्तकें
- 2022-23 में 31.12 लाख छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क यूनीफॉर्म
- पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना का लाभ











मैंने कहा था कि सीमेंट, कांक्रीट के निर्माण की अपेक्षा बच्चों के भविष्य निर्माण पर जोर दूंगा। मुझे संतोष है कि सबकी कल्पना का नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में सफलता मिली है और हमारा यह अभियान लगातार जारी रहेगा।
**-भूपेश बघेल,**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# छत्तीसगढ़ मॉडल: शिक्षा की नई मिसाल

**726** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय

**4.21** लाख विद्यार्थी नए स्कूल में अध्ययनरत

**1200** से अधिक शिक्षकों की भर्ती की मंजूरी

**जनमन रिपोर्ट । रायपुर.** छत्तीसगढ़ में गुणवत्तायुक्त और निःशुल्क शिक्षा की नई मिसाल बन गई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शिक्षा की तस्वीर बदलने शुरू की है स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना। प्रदेश में 726 स्कूलों खुल गए है। जिनमें 4 लाख 21 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत है और अनुभवी शिक्षिकों के माध्यम से बच्चों की शिक्षा में गजब का आत्मविश्वास दिखता है। परिजन गुणवत्तायुक्त शिक्षा और स्कूलों की संरचना से काफी आकर्षित हो रहे है और अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाने के लिए खूब दिलचस्पी दिखा रहे है। स्कूल में प्रयोगशाला, लाइब्रेरी, खेल परिसर और कक्षाओं में हाईटेक संसाधनों के जरिए पढ़ाई हो रही है। साथ ही स्थानीय बोलियों में भी पढ़ाई शुरू हो गई है। इससे हमारी संस्कृति, परंपराओं का गौरव बढ़ रहा है। स्कूल में हजारों युवाओं को नौकरियां भी मिल गई है। जिससे उनका जीवन भी आगे बढ़ने लगा है।



### बेटी की नि:शुल्क पढ़ाई और मां को मिला काम

*बेटी माही साहू को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दाखिला मिला है। वह कक्षा तीसरी में पढ़ाई कर रही है। मेरे तीन बच्चे हैं। पति की मृत्यु के बाद बच्चों की पढ़ाई की चिंता सताने लगी। कुछ समय तक रिश्तेदारों ने बच्चों को पढ़ाने में मदद की। तभी गांव में ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निर्माण शुरू हुआ। आकर्षक भवन को देखकर बेटी को इसी स्कूल में पढ़ाने का मन बनाया और बेटी का दाखिला भी हो गया। इससे बेटी की पढ़ाई की चिंता दूर हो गई, क्योंकि यहां नि:शुल्क पढ़ाई है। बेटी को इस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दाखिला मिलने से गर्व महसूस हो रहा है। स्कूल प्रबंधन ने मेरी जरूरतों को देखते हुए स्कूल में काम दे दिया है। स्कूल खुलने से दो फायदे हुए, एक तो बेटी को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने का मौका मिला और दूसरा मुझे रोजगार भी मिल गया। अब किसी भी प्रकार की चिंता नहीं रह गई है।*
**-देवकुमारी साहू,** डोंगरगांव

*मैं सब्जी बेचकर घर चलाता हूं। मेरे दोनों बेटे तरुण और करण को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ने का मौका मिला है। निजी स्कूल की फीस भरते हुए मैं थक चुका था और वहां की पढ़ाई भी कुछ खास नहीं थी। क्षेत्र में पहली बार ऐसा स्कूल, ऐसे अनुभवी शिक्षक और ऐसी सुविधाएं मिली हैं, जिन्हें देखकर हमें गर्व होता है। इससे माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सोच, संवेदनशीलता और भविष्य की दृष्टि पर भरोसा मजबूत हुआ है।*
**-धनराज जैन,** मानपुर



## राज्य गठन के बाद पहली बार हजारों नियमित शिक्षकों की भर्ती



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अलग-अलग श्रेणियों और अलग-अलग व्यवस्थाओं से शिक्षकों की भर्ती से होने वाली समस्याओं के हल के लिए राज्य गठन के बाद प्रदेश में पहली बार नियमित शिक्षकों की सीधी भर्ती प्रारंभ की। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मार्च 2019 में व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के 14,580 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें से 10,834 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा चुका है। सत्र 2023-24 में बस्तर एवं सरगुजा संभाग हेतु 12,489 शिक्षकों की भर्ती की कार्रवाई प्रचलन में है।

महाविद्यालयों के लिए भी सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारी के पदों पर 1553 नियुक्तियां की गई थी। इस वर्ष पुनः 1194 शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।

**स्कूल शिक्षा**
**10834 नियुक्त**
**12,489 प्रक्रिया में**

**उच्च शिक्षा**
**1553 नियुक्त**
**1194 प्रक्रिया में**

### 'गहरी समझ और बड़ी सोच से बदला शिक्षा का परिवेश'



*छत्तीसगढ़ राज्य गठन के समय से अर्थात सन् 2000 से प्रदेश के युवा और नौनिहाल यह सपना देख रहे थे कि स्कूल और कॉलेज की शिक्षा को लेकर गंभीरता से कौन सोचेगा और ऐसे ठोस निर्णय लेगा जिससे तदर्थवाद समाप्त हो। स्कूल-कॉलेज में ऐसे शिक्षक आएं जो अपने और प्रदेश के सुरक्षित भविष्य के बारे में सोचें और काम करें। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के रूप में वास्तव में शिक्षा जगत को एक ऐसा मसीहा मिला है जो क्रांतिकारी और बुनियादी बदलाव पर विश्वास करता है। हजारों की संख्या में स्थायी शिक्षकों की भर्ती श्री बघेल की इसी सोच की परिचायक है।*
**-आकाश शर्मा,** नवनियुक्त नियमित शिक्षक, मिडिल स्कूल, बारकेला, जिला-मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर

## शाला-मरम्मत के लिए इतिहास का सबसे बड़ा अभियान

**4500** करोड़ रुपए की परियोजनाएं



**रायपुर।** स्कूलों के अच्छे भवन, खेल मैदान तथा अन्य सुविधाओं के बिना सुखद शैक्षणिक वातावरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती इसलिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 4 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 2 परियोजनाएं शुरू की है।

पहली परियोजना 'मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना' के नाम से जानी जाती है। इस योजना हेतु मुख्य बजट 2023-24 में 500 करोड़ राशि एवं प्रथम अनुपूरक बजट 2023-24 में 475 करोड़ राशि का प्रावधान किया गया है। 2133.6 करोड़ लागत के 29 हजार से अधिक विद्यालय चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें से 14 हजार से अधिक विद्यालयों में मरम्मत व अतिरिक्त कक्षों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है जबकि लगभग 2000 शालाओं में कार्य पूर्ण करा लिये गये हैं।

दूसरी परियोजना है चाक परियोजना। कोरोना काल में वैकल्पिक तरीकों से पढ़ाई जारी रखने से छत्तीसगढ़ अन्य राज्यों की तुलना में तो बेहतर रहा लेकिन नियमित कक्षाओं के न होने से जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई के लिए यह परियोजना प्रारंभ की गई है। विज्ञान और वाणिज्य की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए समुचित अधोसंरचना का विकास करने हेतु 'छत्तीसगढ़ एक्सीलेटरेड लर्निंग फार नॉलेज एकॉनॉमी ऑपरेशन (चाक परियोजना) शुरू की गई है, जिसके लिए विश्व बैंक से 2 हजार 460 करोड़ रुपए की सहायता स्वीकृत कराई गई है। इससे 600 मॉडल स्कूलों को सर्वसक्षम बनाया जाएगा।

## बस्तर में नक्सली हिंसा के कारण ध्वस्त 300 स्कूल फिर बने, फिर खुले

**जनमन रिपोर्ट । बस्तर.** बस्तर में नक्सलियों के आतंक, बम विस्फोट की वजह से सैकड़ों स्कूल बंद हो गए थे। बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह ठप हो गई थी। चारों ओर आतंक का साया था। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कमान संभालते ही विश्वास और सुरक्षा बहाली पर जोर दिया। इस तरह जनजीवन सामान्य हुआ और नागरिक सुविधाएं भी बहाल होने लगी। धीरे-धीरे 300 स्कूलों का पुनर्निर्माण हो गया और स्कूलों का संचालन भी शुरू हो गया।

स्कूलों में बच्चों की किलकारियां गूंजना किसी अंचल में शांति बहाली का सबसे बड़ा पैमाना होता है। बस्तर में सघन नक्सल प्रभावित अंचलों में 600 से अधिक गांवों का फिर से बसना और 300 से अधिक स्कूलों में पढ़ाई शुरू होना श्री बघेल के गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प के पूरा होने की बानगी है।

पहले


अब


### विध्वंस से टूटा स्कूल बन गया तो उम्मीदें भी जिंदा



*मैं जगरगुंडा से 3 किलोमीटर दूर मिलमपल्ली गांव की निवासी हूं। जगरगुंडा के शासकीय स्कूल में 12 वीं पढ़ रही हूं। डॉक्टर बनना चाहती हूं। जब हमारा स्कूल टूटा तो अंदाजा नहीं था कि यहीं फिर से पढ़ पाऊंगी। दोरनापाल या सुकमा जाना होता तो आगे पढ़ ही नहीं पाती। शुक्र है कि भूपेश बघेल की सरकार की वजह से हमारा स्कूल बन गया। अब मैं नीट की तैयारी में जुट गई हूं।*
**-नूतन कवासी,** ग्राम-मिलमपल्ली, जिला-सुकमा

### स्कूल खुला तो गांव लौट आई



*अपने गांव में 12वीं की पढ़ाई कर रही हूं। स्कूल टूटने के बाद सुकमा चली गई थी, लेकिन जब उसे पता चला कि जगरगुंडा गांव में ही अच्छे ढंग से पढ़ाई हो रही है, तो वह वापस अपने गांव लौट आई और अब वह यहीं रहकर नर्सिंग की तैयारी भी कर रही हूं।*
**-सोनाक्षी,**
ग्राम-जगरगुंडा, जिला-सुकमा

### नि:शुल्क सरस्वती साइकिल योजना

**रायपुर।** शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं बी.पी.एल. परिवार की वर्ष 2022-23 में 1.58 लाख छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई।

### मध्याह्न भोजन में मिलेट फूड योजना

**रायपुर।** मिलेट से बने पकवानों को भी मिड-डे मील मेनू में शामिल किया गया है। कई निजी सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ के मध्याह्न भोजन को पूरे देश में सर्वोच्च स्थान मिला जो कि अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है।

IF Samvad- 38713/1



# कृषक सह श्रमिक सम्मेलन

28 सितम्बर 2023, दोपहर 12 बजे
सुमाभाठा, भाटापारा



## राजीव गांधी किसान न्याय योजना

15वीं किस्त

24.52 लाख किसानों को 1,895 करोड़ रु का अंतरण

अब तक कुल 23,893 करोड़ रु की राशि का भुगतान

33,642 गन्ना किसानों को 57.18 करोड़ रु की प्रोत्साहन राशि

माननीय सांसद

## श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी

की गरिमामयी उपस्थिति में

Samvad- 38730/45

### गोधन न्याय योजना

5.16 करोड़ रु की 76 वीं किस्त का अंतरण
हितग्राहियों को अब तक 587.63 करोड़ रु का भुगतान

गोधन न्याय योजना में 3.72 लाख और
महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में 11,762 हितग्राहियों को मिला लाभ


### लोकार्पण एवं भूमिपूजन

बलौदा बाजार-भाटापारा जिले में 266 करोड़ रु की
राशि की लागत वाले 264 निर्माण एवं विकास कार्यों का

### मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना का शुभारंभ

10 साल से पंजीकृत 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माण श्रमिकों को
जीवन पर्यन्त मिलेगी प्रति माह 1,500 रुपये की पेंशन

निर्माण/असंगठित एवं मजदूर श्रेणी के 1.3 लाख हितग्राहियों को
विभिन्न योजनाओं के तहत 55.76 करोड़ रु की राशि का वितरण



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403